वर्ष 17
अंक 23
10 पृष्ठ
मूल्य 5 रुपये

बुधवार, 13 मार्च 2024
कोलकाता, चंडीगढ़, **नई दिल्ली**, भोपाल, मुंबई और लखनऊ से प्रकाशित।

भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार www.bshindi.com

बिज़नेस स्टैंडर्ड

पृष्ठ 4

बीएसएनएल ने लगाए 4जी के 3,500 टावर

नायब सिंह सैनी पृष्ठ 10

खट्टर का इस्तीफा, सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

डॉलर रु. 82.80 (अपरिवर्तित) | यूरो रु. 90.50 (अपरिवर्तित) | सोना (10 ग्राम) रु. 65303 ▼ 80 रु. | सेंसेक्स 73668.00 ▲ 165.30 | निफ्टी 22335.70 ▲ 3.00 | निफ्टी फ्यूचर्स 22447.10 ▲ 111.20 | ब्रेंट क्रूड 82.80 ▼ 0.40 डॉलर

एक नज़र

स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड का विवरण सौंपा

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉन्ड का विवरण सौंप दिया। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च को कामकाजी समय समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम 5 बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। सूत्रों के मुताबिक एसबीआई ने शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करते हुए चुनावी बॉन्ड का विवरण निर्वाचन आयोग को सौंप दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करते हुए इसे 'असंवैधानिक' करार दिया था। पृष्ठ 10

आईटीसी में 3.5 फीसदी हिस्सा बेचेगी बीएटी

ब्रिटेन की बीएटी पीएलसी ने आईटीसी की 3.5 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने की अपनी योजना की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ब्लॉक डील के जरिये यह हिस्सेदारी बुधवार को बेचेगी। यह हिस्सेदारी कंपनी के कुल 12.476 बकाया शेयरों में करीब 43.69 करोड़ शेयरों के बराबर होगी। बीएटी पीएलसी ने ब्लॉक डील के कीमत दायरे 384 से 400.25 रुपये प्रति शेयर पर निवेशकों को 5 फीसदी की छूट देने की पेशकश की है। इस तरह से सौदे का कुल आकार 16,775 करोड़ रुपये से लेकर 17,487 करोड़ रुपये का हो सकता है। पृष्ठ 2

गूगल के एआई टूल पर चुनावी जानकारी नहीं

चुनाव से संबंधित कोई भी जानकारी गूगल के आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) प्लेटफॉर्म जेमिनी के जरिये नहीं मिलेगी। यह भारत में आम चुनाव के मद्देनजर कोई भी उपयोगी जानकारी चाहने वाले इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए गूगल की ओर से जारी किए गए फीचर में से एक है। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि उम्मीदवार, राजनीतिक दल, चुनाव परिणाम अथवा किसी भी अधिकारी के संबंध में सवाल का जवाब जेमिनी द्वारा नहीं दिया जाएगा बल्कि वह उपयोगकर्ता को गूगल सर्च की तरफ निर्देशित कर देगा, जहां उसे अधिक प्रासंगिक जानकारी मिल सकेगी। पृष्ठ 10

आज का सवाल

क्या चुनाव के मद्देनजर एआई टूल पर गूगल की बंदिश बनेगी नजीर?

www.bshindi.com पर राय भेजें।
आप अपना जवाब एसएमएस भी कर सकते हैं। यदि आपका जवाब हां है तो Y और यदि न है तो N लिखकर 57007 पर भेजें।

पिछले सवाल का नतीजा
क्या सौदे के दिन ही निपटान से निवेशकों को होगा फायदा?
हां 65% | नहीं 35%

फंडों को देनी होगी ज्यादा जानकारी

एमएफ उद्योग को निवेशकों की तादाद, अनिश्चितता बताने वाले मानकों की देनी होगी जानकारी

अभिषेक कुमार
मुंबई, 12 मार्च

म्युचुअल फंड उद्योग (एमएफ) को अब अधिक जानकारी देनी होगी। उनसे निवेशकों की तादाद से लेकर स्मॉलकैप एवं मिडकैप फंडों के लिए पोर्टफोलियो टर्नओवर रेश्यो जैसी जानकारी भी तलब की गई है। इस सप्ताह एमएफ उद्योग जोखिम जांच (स्ट्रेस टेस्ट) रिपोर्ट का पहला हिस्सा सार्वजनिक करने जा रहा है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने जोखिम सार्वजनिक करने का जो प्रारूप तय किया है उसके अनुसार फंड कंपनियों को दो सक्रिय योजनाओं में शीर्ष 10 निवेशकों के कुल निवेश की जानकारी देनी होगा। इसके साथ ही उन्हें जोखिम का आकलन करने वाले मानकों जैसे पोर्टफोलियो के स्टैंडर्ड डेविएशन और बीटा से जुड़ी बातें भी बतानी होंगी। इन दोनों की मदद से वृहद सूचकांकों की तुलना में पोर्टफोलियो से जुड़ी अनिश्चतता का पता लगाया जाता है। निवेशकों की तादाद से यह जानने में मदद मिलेगी कि किसी योजना का कोष कुछ खास निवेशकों के पास है या इसमें कई निवेशकों की भागीदारी रही है। पोर्टफोलियो टर्नओवर रेश्यो शेयरों के चयन के लिए फंड कंपनियों द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देता है। स्ट्रेस टेस्ट के अलावा फंड कंपनियों को किसी योजना और उसके मानक सूचकांक के पिछले 12 महीनों के प्राइस-टू-अर्निंग रेश्यो और पोर्टफोलियो टर्नओवर रेश्यो से जुड़ी जानकारी भी देनी होगी।

स्ट्रेस टेस्ट की तैयारी

- स्मॉलकैप, मिडकैप फंडों को आनुपातिक आधार पर करना होगा जोखिमों का आकलन
- ये सभी जोखिम जांच (स्ट्रेस टेस्ट) रिपोर्ट में होंगे शामिल
- इस सप्ताह म्युचुअल फंड उद्योग स्ट्रेस टेस्ट रिपोर्ट का पहला हिस्सा करेगा सार्वजनिक

स्मॉलकैप और मिडकैप फंडों के निवेशकों को मूल्यांकन से जुड़े जोखिम से बचाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नए निर्देश जारी किए हैं। बाजार नियामक ने एमएफ उद्योग न्यासों को निवेशकों की सुरक्षा का ढांचा भी तैयार करने का निर्देश दिया है। सेबी ने निवेश सीमा तय करने और पोर्टफोलियो पुनर्संतुलन जैसे उपाय भी सुझाए हैं।

एम्फी द्वारा तैयार प्रारूप में स्ट्रेस टेस्ट से जुड़े विस्तृत दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। फंड कंपनियों को यह बताना होगा कि उन्हें पोर्टफोलियो में 25 प्रतिशत और 50 प्रतिशत हिस्सा कम करने के लिए कितना समय चाहिए। स्ट्रेस टेस्ट में पोर्टफोलियो में सबसे कम कारोबार करने वाला 20 प्रतिशत हिस्सा शामिल नहीं किया जाएगा। एम्फी ने कहा है, 'परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों के लिए प्रो राटा आधार पर प्रतिभूतियां बेचना अनिवार्य नहीं होगा मगर स्ट्रेस टेस्ट के मामले में म्युचुअल फंड कंपनियां संबंधित योजना के सभी निवेशकों को समान दर्जा देने के लिए अनुपात के आधार पर प्रतिभूतियां बेचेंगी। फंड कंपनियों को उनके स्मॉलकैप और मिडकैप फंडों में लार्जकैप, मिडकैप एवं नकदी का हिस्सा भी बताने के लिए कहा गया है।' वित्त वर्ष 2023-24 में स्मॉलकैप शेयरों में भारी तेजी आई है। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 महीनों में 9 में निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक में हर महीने 4 प्रतिशत से अधिक तेजी दिखी है। मगर सेबी की सख्ती के बाद पहली बार मार्च में ये शेयर दबाव में दिखे हैं। इस महीने अब तक निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 5.5 प्रतिशत कमजोर रहा है।

■ संबंधित खबर : पृष्ठ 3

खुदरा महंगाई में राहत, उद्योगों का उत्पादन घटा

शिवा राजौरा
नई दिल्ली, 12 मार्च

खाने-पीने की चीजों के दाम ऊंचे बने रहने के कारण फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति 5 फीसदी के ऊपर बनी रही मगर यह जनवरी की तुलना में थोड़ी कम हुई है। दूसरी ओर विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती से कारखानों के उत्पादन में वृद्धि जनवरी में घटकर 3.8 फीसदी रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति थोड़ी नरम होकर 5.09 फीसदी रही, जो जनवरी में 5.10 फीसदी थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8.7 फीसदी रही जो इससे पिछले महीने 8.3 फीसदी से मामूली अधिक है। मुद्रास्फीति की बात करें तो मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई। मगर अनाज, दालों, चीनी तथा मसालों की महंगाई ऊंची बनी रही।

दूसरी ओर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर जनवरी में कम होकर 3.8 फीसदी रही, जो दिसंबर, 2023 में 4.2 फीसदी थी। विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 फीसदी रही जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 फीसदी थी। हालांकि खनन और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में इस दौरान इजाफा हुआ है। कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 फीसदी रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 फीसदी बढ़ा था।

मुद्रास्फीति में नरमी

- फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति नरम होकर चार महीने में सबसे कम 5.09 फीसदी रही
- जनवरी में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 फीसदी रही
- विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण आईआईपी में नरमी

जेट एयरवेज का स्वामित्व जालान कंसोर्टियम को देने का निर्देश

भाविनी मिश्रा
नई दिल्ली, 12 मार्च

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील पंचाट (एनसीएलटी) ने ठप पड़ी विमानन कंपनी जेट एयरवेज का स्वामित्व कंपनी के लिए सफल बोली लगाने वाले जालान कालरॉक कंसोर्टियम को सौंपने की आज मंजूरी दे दी। अपील पंचाट ने पिछले साल राष्ट्रीय कंपनी विधि पंचाट (एनसीएलटी) के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें पंचाट ने जालान कालरॉक कंसोर्टियम को जेट एयरवेज का मालिकाना हक सौंपने की अनुमति दी थी। अपील पंचाट के इस निर्णय के साथ ही जालान कालरॉक कंसोर्टियम द्वारा जेट एयरवेज के अधिग्रहण के खिलाफ दायर याचिका भी खारिज कर दी गई।

पंचाट ने ऋणदाताओं को 90 दिन में पूरा स्वामित्व हस्तांतरित करने का निर्देश दिया है और कंसोर्टियम को इस अवधि के दौरान विमान परिचालन का सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए कहा है। इसके अलावा अपील पंचाट ने जेट एयरवेज के ऋणदाताओं को परफॉर्मेंस बैंक गारंटी के रूप में समूह की तरफ से दिए गए 150 करोड़ रुपये का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है।

जेट एयरवेज को कर्ज देने वाले वित्तीय संस्थान और सफल बोली लगाने वाले जालान कालरॉक गठजोड़ (जेकेसी) के बीच बंद पड़ी विमानन कंपनी के प्रबंधन हस्तांतरण को लेकर एक साल से अधिक समय से कानूनी विवाद चल रहा है। इससे पहले कर्ज देने वाले वित्तीय संस्थानों ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

फ्लिपकार्ट भी झटपट पहुंचाएगी सामान

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 12 मार्च

ई-कॉमर्स क्षेत्र की धुरंधर कंपनी फ्लिपकार्ट देश के बड़े शहरों में हजारों 'डार्क स्टोर' स्थापित करने में जुटी है। सूत्रों के अनुसार वॉलमार्ट नियंत्रित फ्लिपकार्ट अगले कुछ महीनों में लोगों का ऑर्डर किया सामान जल्दी से जल्दी पहुंचाने की तैयारी कर रही है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में डार्क स्टोर उन किराना स्टोर को कहा जाता है, जो ऑर्डर मिलने के बाद झट से सामान ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए खोले जाते हैं। कंपनी ऐसे स्टोर स्थापित करने के लिए विभिन्न उद्यमियों एवं किराना दुकानों से बात कर रही है। मगर कंपनी इन डार्क स्टोर पर मालिकाना नियंत्रण नहीं रखेगी। कंपनी का यह कदम बड़े तादाद पर रोजगार के अवसर भी दे सकता है।

फ्लिपकार्ट की इस रणनीति से वाकिफ एक सूत्र ने कहा, इन दिनों सभी का जोर ग्राहकों के ऑर्डर जल्द से जल्द पहुंचाने पर है। फ्लिपकार्ट को मालूम है कि बाजार में अपनी पकड़ मजबूत रखने के लिए उसे समय के साथ अपनी तैयारी भी दुरुस्त रखनी होगी। ग्राहकों तक कम से कम समय में ऑर्डर पहुंचाना कंपनी की इसी रणनीति का हिस्सा है।'

कंपनी के पास ऐसे ऑर्डर बड़ी संख्या में आ रह हैं, जिनमें ग्राहक मनमाफिक सामान कम से कम समय में पाना चाहते हैं। ऐसे ऑर्डर फल-सब्जियों एवं अनाज ही नहीं बल्कि सौंदर्य प्रसाधन, इलेक्ट्रॉनिक्स, घर सजाने के सामान और वेलनेस की चीजों के लिए भी आ रहे हैं क्योंकि लोग अब ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहते।

ई-कॉमर्स क्षेत्र के सूत्रों के अनुसार जेप्टो, इंस्टामार्ट और ब्लिंकइट जैसी कंपनियां 15-20 मिनट में लोगों के ऑर्डर उनके घरों तक पहुंचा देती है। फ्लिपकार्ट और एमेजॉन जैसी कंपनियां इस मोर्चे पर मात खा जाती हैं, इसलिए वे भी अब बिना और देर किए कम से कम समय में सामान पहुंचाने की रणनीति तैयार करने में जुट गई हैं। सूत्रों के अनुसार कंपनी त्वरित ग्राहक सेवा के तहत ग्राहकों के ऑर्डर 15 से 30 मिनट में पूरे करने का लक्ष्य साध रही है।

अपनी इस कारोबारी नीति को अमली जामा पहनाने के लिए फ्लिपकार्ट बुनियादी ढांचे, विक्रेता तंत्र और अत्याधुनिक तकनीक पर रकम खर्च रही है। कंपनी ग्राहकों के व्यवहार एवं उनकी पसंद-नापसंद समझने तथा आने वाले समय में उत्पादों की मांग का अंदाजा लगाने एवं उन्हें तैयार रखने के लिए के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का सहारा लेगी।

फ्लिपकार्ट ने हाल में अपनी मूल कंपनी वॉलमार्ट एवं दूसरे निवेशकों से 60 करोड़ डॉलर रकम जुटाई थी। सूत्रों का कहना है कि कंपनी कुल 1 अरब डॉलर जुटाने के लिए निवेशकों से बातचीत कर रही है। पिछले कुछ महीनों के दौरान आपूर्ति क्षमता बढ़ाने और 20 शहरों में ऑर्डर मिलते ही उसी दिन सामान पहुंचाने जैसी सुविधाओं पर बड़े निवेश किए हैं।

'डार्क स्टोर' खोलने की तैयारी

- फ्लिपकार्ट तैयार करेगी हजारों 'डार्क स्टोर'
- इन स्टोर की मदद से झटपट पहुंचाएगी ग्राहकों का सामान
- कंपनी खुद नहीं होगी इन डार्क स्टोर की मालिक
- इन्हें खोलने के लिए उद्यमियों एवं किराना स्टोरों से कर रही बात
- डार्क स्टोर से पैदा होंगे रोजगार के अवसर

खबरों में रहे स्टॉक

ऑयन एक्सचेंज इंडिया



जल उपचार संयंत्र निर्माण के लिए सऊदी अरब की माडेन से ठेका मिला

₹ 449.2 पिछला बंद भाव
₹ 458.1 आज का बंद भाव
2.0 % ▲

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा



फरवरी 2024 के दौरान उत्पादन 26 प्रतिशत बढ़कर 73,380 वाहन हुआ

₹ 1,890.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,893.5 आज का बंद भाव
0.2 % ▲

आदित्य बिड़ला कैपिटल



निदेशक मंडल ने आदित्य बिड़ला फाइनैंस के साथ अपने विलय को मंजूरी दी

₹ 179.7 पिछला बंद भाव
₹ 183.7 आज का बंद भाव
2.2 % ▲

त्रिवेणी इंजीनियरिंग



सर शादी लाल एंटरप्राइजेज में 25.43 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की

₹ 335.0 पिछला बंद भाव
₹ 322.5 आज का बंद भाव
-3.7 % ▼

रेल विकास निगम



आरआरवीपीएनएल से 193 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए करार

₹ 245.3 पिछला बंद भाव
₹ 243.5 आज का बंद भाव
-0.7 % ▼

संक्षेप में

'केयर्न यूके को 77.6 करोड़ रु चुकाए वेदांत'

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को कहा कि भारतीय खनन समूह वेदांत लाभांश भुगतान में विलंब के कारण केयर्न यूके होल्डिंग्स को 77.6 करोड़ रुपये (94 लाख डॉलर) चुकाए। सेबी की वेबसाइट पर आदेश में कहा गया है कि वेदांत को 45 दिन के अंदर भुगतान कर देना चाहिए, नहीं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। बाजार नियामक ने वेदांत के निदेशकों (वाइस-चेयरमैन नवीन अग्रवाल समेत) को दो महीने तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित भी कर दिया है। *रॉयटर्स*

हिस्सा बिक्री की जानकारी नहीं : स्टर्लिंग ऐंड विल्सन

स्टर्लिंग ऐंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी ने कहा है कि उसे कंपनी में शापूरजी पालोनजी ऐंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एसपीसीपीएल) द्वारा हिस्सेदारी बेचने की कोई जानकारी नहीं है। शेयर बाजार को दिए बयान में कंपनी ने कहा कि इस समाचार लेख से जुड़ी कंपनी के स्वामित्व की ऐसी कोई जानकारी नहीं है, जिसकी घोषणा/सूचना शेयर बाजार को नहीं दी गई है। कंपनी ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट पर 14 दिसंबर, 2023 को अपने प्लेसमेंट दस्तावेज में कहा है कि एसपीसीपीएल ने वचन दिया है कि वह बीआरएलएम की पूर्व लिखित सहमति के बिना कंपनी में एसपीसीपीएल की शेयरधारिता वाले किसी भी इक्विटी शेयर का इस इश्यू के तहत आवंटन की तारीख से 180 दिनों की अवधि तक यानी 11 जून, 2024 तक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हस्तांतरण या निपटान नहीं करेगी। *बीएस*

जुपिटर वैगन्स को मिला 957 करोड़ रु का ऑर्डर

परिवहन से जुड़े समाधान उपलब्ध कराने वाली जुपिटर वैगन्स को मालगाड़ियों के 2,237 डिब्बों के विनिर्माण और आपूर्ति के लिए 957 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। ये डिब्बे (बीओएसएम वैगन) विशेष रूप से कोयला और लौह अयस्क जैसे थोक माल के परिवहन के लिए डिजाइन किये गये हैं। इस अनुबंध ने कंपनी की ऑर्डर बुक को मजबूत किया। कंपनी के पास ऑर्डर 7,000 करोड़ रु से अधिक के हैं। *भाषा*

आईटीसी का हिस्सा बेचेगी बीएटी

ब्लॉक डील के जरिये आज होने वाली इस बिक्री से 17,487 करोड़ रुपये तक मिलने की उम्मीद

देव चटर्जी
मुंबई, 12 मार्च

ब्रिटेन की बीएटी पीएलसी ने आज आईटीसी की 3.5 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने की अपनी योजना का ऐलान किया। कंपनी ब्लॉक डील के जरिये यह हिस्सेदारी बुधवार को बेचेगी। यह हिस्सेदारी कंपनी के मौजूद कुल 12.476 अरब शेयरों में करीब 43.69 करोड़ शेयरों के बराबर है।

बीएटी पीएलसी ने ब्लॉक डील के कीमत दायरे 384 से 400.25 रुपये प्रति शेयर पर निवेशकों को 5 फीसदी की छूट देने की पेशकश की है। इस तरह से सौदे का कुल आकार 16,775 करोड़ रुपये से लेकर 17,487 करोड़ रुपये तक हो सकता है।

बिक्री के बाद बीएटी पीएलसी के पास आईटीसी की 25.5 फीसदी हिस्सेदारी रह जाएगी और इस बिक्री से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल वह दिसंबर 2025 तक खुद के शेयरों की पुनर्खरीद पर करेगी, जिसकी शुरुआत 70 करोड़ पाउंड के साथ 2024 में होगी। ब्रिटिश फर्म ने बोफा सिक्योरिटीज और सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया को इस लेनदेन के लिए ब्रोकर के तौर पर नियुक्त किया है।

मंगलवार को आईटीसी का शेयर 1.26 फीसदी की गिरावट के साथ 404 रुपये पर बंद हुआ। इस साल जनवरी से अब तक इस शेयर में 12.57 फीसदी की गिरावट आ चुकी है।

■ बिक्री के बाद बीएटी पीएलसी के पास आईटीसी की 25.5 फीसदी हिस्सेदारी रह जाएगी

■ मंगलवार को आईटीसी का शेयर 1.26 फीसदी की गिरावट के साथ 404 रुपये पर बंद हुआ

एक बयान में बीएटी ने कहा कि आकर्षक बाजार में आईटीसी उसकी मूल्यवान सहायक है, जिसमें लंबी अवधि में वृद्धि की क्षमता है, जहां बीएटी को दुनिया के सबसे लोकप्रिय बाजार में अपने निवेश से फायदा मिला है। बीएटी पीएलसी के बयान में कहा गया है, बीएटी का आईटीसी में शुरुआती निवेश 1900 में हुआ था और दोनों कंपनियों के बीच काफी लंबे समय से संबंध रहा है, जो दोनों के लिए आपसी लाभ वाला है।

बीएटी के बयान में कहा गया है कि भारत के अग्रणी एफएमसी एंटरप्राइजेज में से एक आईटीसी ने अपने शेयरधारकों को काफी वैल्यू की डिलिवरी की है और बीएटी आईटीसी की प्रबंधन टीम, प्रदर्शन व रणनीति के साथ पूरी तरह से सहयोग जारी रखेगी।

बीएटी के मुख्य कार्याधिकारी टेडयू मारोको ने कहा कि आईटीसी के मौजूदा प्रबंधन के तहत कंपनी अपने शेयरधारकों के लिए वैल्यू सृजित करना जारी रखेगी। हम आईटीसी में अहम शेयरधारक बने रहेंगे क्योंकि वृद्धि की इसकी यात्रा जारी है। इस लेनदेन के साथ बीएटी अपने टिकाऊ पुनर्खरीद की शुरुआत तेज कर सकेगी, साथ ही वह अपने कर्ज को कम कर पाएगी। जेफरीज के मुताबिक, बीएटी का शुद्ध कर्ज 40 अरब डॉलर से ज्यादा है।

आईटीसी अपने लाभ का बड़ा हिस्सा सिगरेट से अर्जित करती है। साथ ही इसके पास सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी, खाद्य उत्पाद व पैकेजिंग कंपनी भी है। कंपनी अपने होटल कारोबार को अलग कर रही है और आईटीसी के मौजूदा शेयरधारकों को नई कंपनी के शेयरों की पेशकश की जाएगी।

जेफरीज के हालिया नोट के मुताबिक पिछले तीन साल में आईटीसी के शेयर ने अपने निचले स्तर से तीन गुना से ज्यादा का रिटर्न दिया है जिसमें सिगरेट वॉल्यूम में मजबूत वृद्धि, एफएमसीजी कारोबार में इजाफा, पूंजी आवंटन में सुधार और एफआईआई के निवेश में बढ़ोतरी का योगदान रहा है। इन कारकों ने अपनी भूमिका निभा दी है जबकि सिगरेट वॉल्यूम की वृद्धि अब नरम हो रही है। जेफरीज को लगता है कि खराब परिदृश्य में यह शेयर 340 रुपये के स्तर को छू सकता है और सबसे तेजी वाले परिदृश्य में शेयर की कीमत 520 रुपये पर पहुंचने का अनुमान है।

यात्री वाहनों की थोक बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी

सोहिनी दास
मुंबई, 12 मार्च

स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल की निरंतर मांग के कारण फरवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। उद्योग के संगठन सायम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। फरवरी में डीलरों को भेजे गए कुल यात्री वाहनों की संख्या 3,70,786 रही। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) के अनुसार फरवरी में तिपहिया वाहनों की बिक्री 8.3 प्रतिशत बढ़कर 54,584 रही। दोपहिया वाहनों की बिक्री की रफ्तार भी जारी रही और यह 34.6 प्रतिशत बढ़कर 15,20,761 रही।

सायम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों ने पिछले वर्ष की तुलना में फरवरी 2024 के दौरान वृद्धि दर्ज की है जबकि वाणिज्यिक वाहनों में कुछ गिरावट देखी गई है। साल 2023-24 की तीसरी तिमाही में देश के कुल जीडीपी में जोरदार वृद्धि ने वाहन क्षेत्र की मदद की है। फरवरी 2024 में प्रधान मंत्री की मौजूदगी में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 ने भी उपभोक्ताओं के लिए जोरदार सकारात्मक धारणा पैदा की है और इसलिए उद्योग को उम्मीद है कि विकास की रफ्तार जारी रहेगी।

यात्री वाहन श्रेणी में एसयूवी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। प्रमुख एसयूवी कंपनी महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने सोमवार को कहा कि फरवरी में घरेलू बाजार में उसकी एसयूवी की बिक्री 40 प्रतिशत बढ़ी है। सायम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि यात्री वाहनों ने फरवरी में एक बार फिर अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की जो फरवरी 2023 की तुलना में 10.8 प्रतिशत बढ़कर 3,70,786 हो गई। तिपहिया वाहनों ने भी बिक्री में 8.3 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर्ज की और फरवरी 2024 में वाहन बिक्री 55,000 रही। दोपहिया वाहनों ने फरवरी 2023 की तुलना में 15.2 लाख वाहन बिक्री के साथ 34.6 प्रतिशत की सराहनीय वृद्धि दर्ज की। फरवरी में निर्यात में भी वृद्धि हुई है। इस दौरान यात्री वाहन निर्यात में 20.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, जबकि दोपहिया वाहनों के निर्यात में 39.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

एसयूवी से मिली बिक्री को रफ्तार

■ फरवरी में तिपहिया वाहनों की बिक्री 8.3 प्रतिशत बढ़कर 54,584 रही

■ दोपहिया वाहनों की बिक्री 34.6 प्रतिशत बढ़कर 15,20,761 हुई

■ फरवरी में यात्री वाहन निर्यात भी 20.5 प्रतिशत तक बढ़ा

फ्रैंचाइजी कारोबार पर रसना की नजर

लोकप्रिय इंस्टैंट ड्रिंक निर्माता रसना विदेश में निर्माण के लिए फ्रैंचाइजी व्यवस्था पर विचार कर रही है। कंपनी चाहती है कि उससे जुड़ने वाले फ्रैंचाइजी संयंत्र और मशीनरी पर निवेश करें, साथ ही दैनिक परिचालन की जिम्मेदारी संभालें। रसना उन्हें तकनीकी मदद और कुछ वित्तीय सहायता मुहैया कराएगी। वह गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन और वितरण पर भी ध्यान देगी।

रसना ग्रुप के चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा, 'हमारे पास पहले से ही ऐसी 3-4 भागीदारियां हैं और अन्य की तलाश कररहे हैं।'

बांग्लादेश और नेपाल ऐसे देश हैं जहां ऐसे समझौते किए गए हैं। मिस्र, इंडोनेशिया और फिलिपींस में फ्रैंचाइजी समझौतों के लिए बातचीत चल रही है। रसना की करीब 30-35 प्रतिशत बिक्री निर्यात से आती है और वह अगले कुछ वर्षों तक इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना चाहती है। मौजूदा समय में रसना की पहुंच 60 देशों में है। खंबाटा को वित्त वर्ष 2024 में निर्यात खंड द्वारा सालाना आधार पर 30-35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किए जाने का अनुमान है। *बीएस*

इंडियाएआई मिशन की राशि से डीपटेक स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

आर्यमन गुप्ता
नई दिल्ली, 12 मार्च

हाल में घोषित इंडिया आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) मिशन के जरिये डीपटेक स्टार्टअप पर सरकार का ध्यान इस क्षेत्र के लिए निवेश का अनुकूल माहौल बनाने के लिए अच्छी शुरुआत है। उद्योग के हितधारकों ने यह जानकारी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि मिशन में इन कंपनियों द्वारा अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी) में तेजी लाने पर जोर दिया गया है जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और इस क्षेत्र में नए कारोबारी मॉडल तैयार होंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह भारत एआई मिशन के मद में पांच साल के लिए 10,372 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के जरिये एआई में नवाचार को बढ़ावा देना है। इसमें से करीब 2,000 करोड़ रुपये डीपटेक स्टार्टअप कंपनियों की वित्तीय सहायता के लिए रखे गए हैं जिससे कि इन कंपनियों में अनुसंधान एवं विकास में तेजी लाई जा सके।

यह कदम देश में डीपटेक स्टार्टअप कंपनियों को बेहद जरूरी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। संस्थापकों का कहना है कि वित्तीय सहायता की कमी इस क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रमुख बाधा रही है। डीपटेक एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर-एज-सर्विस (सास) क्षेत्र की स्टार्टअप - ट्विन के संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी अवि दहिया ने कहा कि उनकी (डीपटेक स्टार्टअप कंपनियों की) परियोजनाओं की जटिल प्रकृति, बड़ा विकास चक्र और इनमें दिखने वाला जोखिम, इन सभी की वजह से उन्हें बार-बार नकारा जाता है।

उद्योग के अनुमान के अनुसार फिलहाल भारत में लगभग 3,000 डीपटेक स्टार्टअप काम कर रही हैं। इनमें से 20 प्रतिशत से भी कम स्टार्टअप यथोचित वित्तीय सहायता प्राप्त कर पाई हैं। उद्योग के हितधारकों का कहना है कि इस क्षेत्र के लिए बजट में 2,000 करोड़ रुपये का आवंटन देश में निवेश का अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में अच्छी शुरुआत है।

डीपटेक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) क्षेत्र की स्टार्टअप डेटॉम्स के संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी अमिय कुमार सामंतरे ने कहा कि हालांकि 2,000 करोड़ रुपये बहुत बड़ी रकम नहीं है, लेकिन इसने देश की उद्यम पूंजी या निवेश के तंत्र के लिए दिशा तय कर दी है।

मारुति को रेल से मिला कार ढुलाई में सहारा

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 12 मार्च

मारुति सुजूकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी (कॉर्पोरेट मामले) राहुल भारती ने आज बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि अगर गुजरात के हंसलपुर संयंत्र में रेल का बुनियादी ढांचा स्थापित नहीं किया गया होता तो उसे क्षमता संबंधी बाधा का सामना करना पड़ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हंसलपुर संयंत्र में भारत की पहली इन-प्लांट ऑटोमोबाइल रेलवे साइडिंग का उद्घाटन किया। इस साइडिंग की बदौलत मारुति रेलवे के जरिये सालाना 3,00,000 कारों की ढुलाई कर सकेगी। इस पूरी परियोजना की लागत 1,081 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहें तो भले ही हमें इस परियोजना के कारण कुछ न बच रहा हो, लेकिन फिर भी हमें काफी खुशी होगी क्योंकि इससे हमें बड़ा पैमाना मिल रहा है। यह कारों की ढुलाई का बहुत ही सुरक्षित, कुशल और स्वच्छ तरीका है। अगर रेल का बुनियादी ढांचा नहीं होता तो हमें क्षमता संबंधी बाधा झेलनी पड़ती। वित्तीय बचत के बिना भी यह कारों के परिवहन का बेहतर तरीका है।

रेलवे साइडिंग का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केवल दो महीने पहले ही देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने कहा था कि वह अपनी वार्षिक विनिर्माण क्षमता 7,50,000 से बढ़ाकर 10 लाख तक करने के लिए 3,200 करोड़ रुपये की लागत से हंसलपुर संयंत्र में नई उत्पादन लाइन स्थापित करेगी। इस नई लाइन का परिचालन साल 2026-27 से शुरू होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या सड़क के बजाय रेलवे के जरिये कार ढुलाई करने से मारुति को बचत होती है, तो भारती ने जवाब दिया कि यह बहुत चीजों पर निर्भर करता है। यह क्षेत्रों, ट्रेनों की समयसारणी आदि पर निर्भर करता है। अलबत्ता हां, कुछ बचत तो होती है।

रेल का बुनियादी ढांचा न होता तो मारुति कंपनी को झेलनी पड़ती क्षमता संबंधी बाधा

साल 2023-24 के पहले 11 महीने के दौरान मारुति ने रेलवे के जरिये 4,09,000 गाड़ियों की ढुलाई की थी जबकि शेष गाड़ियां सड़क मार्ग से भेजी गई थीं। नई लाइन के कारण इसमें काफी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। भारती ने कहा 'एक रेक (ट्रेन) 270 से 300 कारें ले जाती है और इसलिए यह 40 ट्रकों का स्थान ले लेती है। इसलिए नई रेलवे साइडिंग के कारण लगभग 50,000 ट्रकों के फेरे कम हो जाएंगे जिससे हमें 3.5 करोड़ लीटर जीवाश्म ईंधन बचाने में मदद मिलेगी।'

'वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने इस्तीफा दिया'

स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन में रणनीतिक पुनर्गठन के तहत उसके वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एयरलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण कश्यप और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने अपना इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि स्पाइसजेट के रणनीतिक पुनर्गठन के तहत मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि हाल में पूंजी जुटाने के साथ ही कंपनी पिछले सभी विवादों के समाधान की प्रक्रिया तेज कर रही है। *भाषा*

वनवेब को जल्द स्पेक्ट्रम आवंटन की उम्मीद

भाषा
नई दिल्ली, 12 मार्च

भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन किया है और उसे उम्मीद है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा।

ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट (एचसीआईपीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवाजी चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। चटर्जी ने कहा कि वनवेब को भारत में शुरुआती बढ़त हासिल होगी, क्योंकि भारत में उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनियां अभी विकास के विभिन्न चरण में हैं। वनवेब ने स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए दूरसंचार विभाग की वायरलेस योजना एवं समन्वय शाखा (डब्ल्यूपीसी) के पास आवेदन किया है। चटर्जी ने कहा कि स्पेक्ट्रम आवंटित होने के बाद वनवेब वाणिज्यिक सेवाएं शुरू कर सकती है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि वनवेब 2024 की पहली छमाही में वाणिज्यिक सेवा शुरू करने में सक्षम हो सकेगी। चटर्जी ने कहा कि वनवेब कम आबादी वाले गांवों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थिति में है।

उन्होंने कहा कि ईलॉन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक जैसी 'डायरेक्ट-टू-मोबाइल' सेवा मुहैया कराने की वनवेब की कोई योजना नहीं है, क्योंकि यह तकनीक अभी विकसित हो रही है और परिपक्व नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय ईवी एक्सपो में 10 देशों के 150 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की 15 मार्च से शुरू होने वाली तीन दिन की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में 150 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने की उम्मीद है। इंडिया इंटरनेशनल ईवी (आईआईईवी) एक्सपो का चौथा संस्करण दिल्ली के 'यशोभूमि' में आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजक फ्यूचरेक्स ग्रुप के परियोजना प्रमुख मुकेश यादव ने बयान में कहा कि इस एक्सपो में 10 देशों के 150 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। पिछली बार की तुलना में इस बार प्रदर्शकों की संख्या 25 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में ईवी विनिर्माता, बैटरी कंपनियां, चार्जिंग स्टेशन और अन्य हितधारक शामिल होंगे। इससे पहले चेन्नई में एक बार और पुणे में दो बार ईवी एक्सपो का आयोजन हो चुका है। *भाषा*

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
TATA POWER-DDL
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली–110009
फोन : 66112222, फैक्स : 27468042, ईमेल : TPDDL@tatapower-ddl.com
CIN No. : U40109DL2001PLC111526, वेबसाईट : www.tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित Mar 13, 2024

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु)	बोली दस्तावेज की बिक्री	बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय
TPDDL/ENGG/ENQ/200001646/23-24 Annual Rate Contract for Supply of Nut & Bolts of various sizes at Tata Power-DDL Site/Store.	38.65 Lacs/ 97,000	13.03.2024	03.04.2024;1500 Hrs/ 03.04.2024;1530 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001647/23-24 Annual RC for supply of LED Fittings at Tata Power-DDL Site/Store.	29.63 Lacs/ 74,000	14.03.2024	04.04.2024;1500 Hrs/ 04.04.2024;1530 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001648/23-24 Annual RC for supply of Conventional Street Light Items at Tata Power-DDL Site/Store.	4.42 Crs/ 8,63,000	15.03.2024	05.04.2024;1500 Hrs/ 05.04.2024;1530 Hrs

शुद्धिपत्र/निविदा तिथि विस्तार

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	पूर्व प्रकाशित दिनांक	संशोधित निविदा तिथि/बोली जमा कराने की तिथि/बोली खोलने की तिथि
TPDDL/ENGG/ENQ/200001631/23-24 SUPPLY OF 11kV Switchgear Panels in TPDDL	14.02.2024	14.03.2024 at 1600 Hrs/ 14.03.2024 at 1630 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website www.tatapower-ddl.com → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents
Contracts - 011-66112222

आईबीसी, 2016 के अंतर्गत 26 फरवरी 2024 को निर्गत विक्रय सूचना का अनुशेष
मैसर्स इंडो इंटरनेशनल टोबेको लिमिटेड (परिसमापन के अंतर्गत)
(पूर्व में स्नफ एग्जिम प्राइवेट लिमिटेड के रूप में विदित)
सीआईएन : U16000DL2017PLC317682
पंजी. कार्यालय : फ्लैट सं. 1321ए, 13वां तल, देविका टॉवर 6, नेहरू प्लेस, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली–110019
ईमेल आईडी : cirpindoint@gmail.com; मोबाइल नं.: 9818990001

ई–नीलामी के माध्यम से कार का विक्रय

माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ – 4 के आदेश दिनांकित 14 दिसंबर 2023 के माध्यम से नियुक्त परिसमापक द्वारा मरसडीज बेंज ई350डी कार के विक्रयार्थ 26 फरवरी 2024 को समाचारपत्रों नामतः बिजनेस स्टैंडर्ड (नई दिल्ली एवं लखनऊ संस्करण) में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं में प्रकाशित ऋणशोधनाक्षमता एवं दिवालिया संहिता 2016 तथा उसके अंतर्गत विरचित संबंधित परिसमापन विनियमावली के अंतर्गत निर्गत विक्रय सूचना दिनांकित 23 फरवरी 2024 के संदर्भ में, ई–नीलामी प्रक्रिया का आरक्षित मूल्य तथा विक्रय की समयसीमायें निम्नानुसार पुनरीक्षित, संशोधित एवं पुनःउल्लिखित की जाती हैं :

परिसंपत्तियों के विवरण	आरक्षित मूल्य (रु.)	धराज राशि (रु.)	वृद्धिशील बोली राशि (रु.)
मरसडीज बेंज कार, पंजी. सं. यूपी16सीएस7139 मॉडल : ई350डी इलाइट डीजल, केएम : 57,451 पंजी. तिथि : 17 दिसंबर, 2020, रंग : ग्रे	38,97,000/–	3,89,700/–	20,000/–

1.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की विस्तारित अंतिम तिथि	20 मार्च 2024 को सायं 05.00 बजे तक
2.	कार के निरीक्षण की तिथि	27 मार्च 2024
3.	धराज के साथ बोली प्रस्तुत करना	30 मार्च 2024
4.	ई–नीलामी की तिथि	01 अप्रैल 2024 को 02.00 से 03.00 बजे (5 मिनट्स प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ)
5.	ईओआई / विस्तृत नियम एवं शर्तें	परिसमापक को cirpindoint@gmail.com पर एक ईमेल भेजकर प्राप्त की जा सकती हैं।

परिसंपत्ति को "जैसी है जहां है, जैसी है जो है, वहां जो कुछ भी है तथा बिना संसाधन आधार" पर बेचा जा रहा है।
यह अनुशेष, विक्रय सूचना का एक अभिन्न हिस्सा है तथा उन पुनरीक्षित विस्तृत नियमों एवं शर्तों के अधीन है, जो इस विक्रय सूचना का एक अभिन्न हिस्सा हैं, जिन्हें https://ncltauction.auctiontiger.net पर जाकर देखा जा सकता है अथवा परिसमापक को cirpindoint@gmail.com पर एक ईमेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है।

हस्ता./–
आईपी सीए उमेश गर्ग (परिसमापक)
इंडो इंटरनेशनल टोबेको लिमिटेड
दिनांक : 12–03–2024 आईबीबीआई पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00135/2017-18/10277
स्थान : नई दिल्ली एएफए सं.: AA1/10277/02/080524/105715 वैध 08.05.2024 तक

PUBLIC NOTICE

To Whom It May Concern,

****RE: PUBLIC NOTICE REGARDING FRAUDULENT ACTIVITIES AND MISUSE OF COMPANY/ Firm's POWERS****

M/s Basix Engineering India and M/s Basix Engineering India- Man Structurals Private Limited JV, Reg. addrees :- 1714 Rishi Nagar, Gurudwara Road, Kotla Mubarakpur, New Delhi-110003, hereby issues this public notice to inform all concerned parties about fraudulent activities committed by one of our former Employees/ Authorized Signatory/ Representative/ Consultant /Part of Management **Mr. Mayank Baldevbhai Barot S/o Baldevbhai Barot R/o F-38, Type-III QTR, Lodi Road, New Delhi- 110003 and House 1798, Bhaita Colony,Milk Plant Road, Ballabgrah, Faridabad, Haryana-121004, during their tenure at our organization.**

It has come to our attention that **Mr. Mayank Baldevbhai Barot** engaged in fraudulent activities, including but not limited to the misuse of company Power of Attorney (POA) and unauthorized use of company cheques and misused company funds and damage company reputation in market and engaged in activities that are not in line with the company's policies and values. These actions are in direct violation of the trust placed in the Employee/ Authorized Signatory/ Representative/Consultant/ Part of Management and go against the ethical standards and legal obligations set forth by M/s Basix Engineering India and M/s Basix Engineering India- Man Structurals Private Limited JV

****Request for Information:****

If anyone has information related to the activities of Mr. Mayank Baldevbhai Barot during their employment with M/s Basix Engineering India and M/s Basix Engineering India- Man Structurals Private Limited JV, we encourage you to come forward and share this information with our legal department at +91-9560473042 (basixengineeringsindia.legal@gmail.com), +91-9910910549.

****Disclaimer:****

This public notice is not an admission of any liability on the part of M/s Basix Engineering India and M/s Basix Engineering India- Man Structurals Private Limited JV . It is issued solely to inform the public about the fraudulent activities of Mr. Mayank Baldevbhai Barot and to protect the interests of the company.

Sincerely,
Prashant Garg,
Proprietor (M/s Basix Engineering India Partner (M/s Basix Engineering India- Man Structurals Private Limited JV).)

दिल्ली संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं

गिरावट की सीढ़ी पर स्मॉलकैप इंडेक्स

बाजार नियामक की चेतावनी के बीच फरवरी के अपने उच्चस्तर से सूचकांक 10 फीसदी नीचे आया है

समी मोडक और सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 12 मार्च

ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता और बुलबुला बनने की बाजार नियामक की चेतावनी के बीच निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक मंगलवार को 'गिरावट वाले क्षेत्र में' फिसल गया। हालिया उच्चस्तर से 10 फीसदी या इससे ज्यादा की फिसलन को करेक्शन यानी गिरावट का नाम दिया जाता है। दूसरे दिन करीब 2 फीसदी की गिरावट के साथ निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स सत्र के दौरान 15,011 के स्तर को छू गया, यानी उसमें 1,681 अंकों की गिरावट आई या 8 फरवरी के अपने कारोबारी सत्र के दौरान बने सर्वोच्च स्तर से यह 10.1 फीसदी नीचे आया है। इंडेक्स में अभी भी पिछले एक साल में 62 फीसदी की बढ़त बरकरार है।

स्मॉलकैप इंडेक्स में 10 फीसदी की गिरावट आई जबकि बेंचमार्क निफ्टी ने सत्र की शुरुआत में नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ। 8 फरवरी से स्मॉलकैप और लार्जकैप सूचकांकों का रुख अलग-अलग नजर आया है। बाजार पर नजर रखने वालों ने कहा कि महंगे मूल्यांकन को लेकर चिंता ने कुछ निवेशकों को पहले ही मुनाफावसूली के लिए बाध्य कर दिया लेकिन बाजार नियामक सेबी के म्युचुअल फंडों को इस आदेश के बाद कि वह स्मॉलकैप क्षेत्र में अत्यधिक निवेश को लेकर कदम उठाए, इसकी चमक फीकी पड़ गई।

बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधवी पुरी बुच ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा था, बाजार में कुछ हिस्से अलग तरह के हैं। कुछ इसे बुलबुले का नाम देते हैं। बुलबुला बनने देना सही नहीं होगा क्योंकि जब यह फूटता है तो निवेशकों पर बुरा असर डालता है। उद्योग को ऐसे बुलबुले को हवा नहीं देना चाहिए और म्युचुअल फंड ट्रस्टियों को इस जोखिम के प्रबंधन के लिए नीति बनानी चाहिए। पिछले महीने नियामक ने म्युचुअल फंडों को स्मॉलकैप व मिडकैप फंडों के निवेशकों के लिए निवेशक सुरक्षा ढांचा बनाने को कहा था।

उद्योग के कुछ प्रतिभागियों का मानना है कि सेबी के संकेत मनोबल पर चोट कर रहे हैं और स्मॉलकैप शेयरों के हालिया अलहदा प्रदर्शन और उनमें कमजोरी की यही वजह है। हालांकि कुछ का कहना है कि स्मॉलकैप योजनाओं में जिस तरह से नया निवेश आ रहा था, उसे देखते हुए सेबी का आगाह करना बुद्धिमानी भरा कदम था।

अल्फानीति फिनटेक के सह-संस्थापक यू आर भट्ट ने कहा कि इस तर्क में कुछ दम है कि मूल्यांकन पर टिप्पणी करना सेबी का काम है। लेकिन अगर स्मॉलकैप क्षेत्र में कुछ धुंआ उठ रहा है और इसका अंत भारी गिरावट के साथ होता है तो स्मॉलकैप निवेशक रकम गंवाते हैं और नियामक की यही चिंता है। अंततः शेयर की कीमतें मांग और आपूर्ति से तय होती हैं। नियामक सिर्फ यही चिंता है कि कहीं आपने कृत्रिम मांग तो पैदा नहीं कर दी है। ऐसी तेजी खुदरा निवेशकों के लिए बेहतरी के साथ समाप्त नहीं होती, ऐसे में एहतियाती कदम के तौर पर सेबी यह पक्का करने की कोशिश कर रहा है कि बाजार व्यवस्थित तरीके से चले।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि कैसे इक्विटी का मूल्यांकन असहज हो रहा था क्योंकि कीमतों में बढ़ोतरी का मेल आय की वृद्धि के साथ नहीं दिख रहा। इसके रणनीतिकारों विनोद कर्की और नीरज करनानी ने एक नोट में कहा है कि मार्च 2023 के निचले स्तर से निफ्टी-50 इंडेक्स 31 फीसदी चढ़ा है जबकि इस अवधि में आय का विस्तार करीब 18 फीसदी रहा है। व्यापक बाजारों में कीमत बढ़ोतरी हालांकि उनकी आय के विस्तार के मुकाबले ज्यादा हुई है और स्मॉलकैप, मिडकैप व माइक्रोकैप का रिटर्न मार्च 2023 के निचले स्तर के बाद से क्रमशः 62 फीसदी, 73 फीसदी व 100 फीसदी रहा है। ब्रोकरेज के मुताबिक, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स का पीई गुणक करीब 50 फीसदी बढ़ा है।

दो बाजारों की कहानी

पिछले एक महीने में स्मॉलकैप का प्रदर्शन निफ्टी के मुकाबले काफी कमजोर रहा है

सूचकांक	सर्वोच्च स्तर*	तारीख	12 मार्च, 2024	बदलाव (%)
निफ्टी-50	22,493.6	7 मार्च, 2024	22,335.7	-0.7
सेंसेक्स	74,119.4	7 मार्च, 2024	73,668.0	-0.6
निफ्टी मिडकैप 100	49,352.1	7 फरवरी , 2024	48,086.9	-2.6
निफ्टी स्मॉलकैप 100	16,566.2	7 फरवरी, 2024	15,092.1	-8.9
निफ्टी मिडकैप 150	18,203.4	7 फरवरी, 2024	17,685.6	-2.8
एनएसई निफ्टी स्मॉलकैप 250	15,390.5	7 फरवरी, 2024	14,208.7	-7.7

स्रोत : ब्लूमबर्ग

* बंद आधार पर

हिस्सा बिक्री की खबर पर बिड़ला एएमसी टूटा

आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी का शेयर मंगलवार को इस खबर के बाद 4.1 फीसदी टूट गया कि प्रवर्तक अपनी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं। यह शेयर 4.1 फीसदी गिरकर 504 रुपये पर बंद हुआ। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आदित्य बिड़ला कैपिटल और सन लाइफ एएमसी की योजना ओएफएस के जरिये 5-5 फीसदी शेयरों के विनिवेश की है। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी को प्रवर्तक हिस्सेदारी सितंबर 2024 तक घटाकर 75 फीसदी पर लानी है। अभी कंपनी में प्रवर्तक हिस्सेदारी 86.47 फीसदी है जिसमें आदित्य बिड़ला कैपिटल के पास 49.99 फीसदी और सन लाइफ के पास 36.48 फीसदी हिस्सेदारी है। *बीएस*

आर के स्वामी का शेयर पहले दिन 9 फीसदी टूटा : आर के स्वामी का शेयर मंगलवार को कारोबार के पहले दिन 288 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 9 फीसदी गिरकर बंद हुआ। भाषा

आईपीओ की तैयारी में विशाल मेगा मार्ट

रॉयटर्स
मुंबई, 12 मार्च

विशाल मेगा मार्ट 1 अरब डॉलर का आईपीओ लाने की योजना बना रही है जिससे बजट सुपरमार्केट श्रृंखला का मूल्य 5 अरब डॉलर तक हो जाएगा। इस राशि में से कुछ को नए स्टोर जोड़ने के लिए रखा जाएगा। इस योजना की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने यह बताया।

उन्होंने कहा कि विशाल मेगा मार्ट में संयुक्त रूप से बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली स्विटजरलैंड की पार्टनर्स ग्रुप और केदारा कैपिटल इस आईपीओ में शेयर बेचेंगी। यह अभी पता नहीं चल पाया है कि इस रिटेलर कंपनी में इन दो निजी इक्विटी फर्मों की कितनी हिस्सेदारी है और वे कितना हिस्सा बेचेंगी और वे बहुलांश हिस्सेदारी बरकरार रखेंगी या नहीं।

विशाल मेगा मार्ट के मुख्य कार्याधिकारी गुनेंदर कपूर ने इस बारे में रॉयटर्स द्वारा भेजे गए सवालों का जवाब नहीं दिया है। केदारा ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है जबकि पार्टनर्स ग्रुप ने टिप्पणी से इनकार कर दिया।

रिटेलर के स्टोरों की संख्या 560 है जो मुख्य रुप से छोटे शहरों में हैं। इन स्टोरों में कंपनी कपड़े और किराना सामान बेचती है। वह मुकेश अंबानी की रिलायंस, टाटा समूह की ट्रेंट और ग्रोसरी रिटेलर एवेन्यू सुपरमार्ट्स से प्रतिस्पर्धा करती है। सूत्रों का कहना है कि इस सप्ताह आईपीओ के लिए निवेश बैंकों को आमंत्रित किया गया है और यह निर्गम इस साल बाद में लाए जाने की संभावना है।

कंपनी ने यह योजना ऐसे समय में बनाई है जब भारतीय शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रहा है और निफ्टी सूचकांक पिछले 6 महीने में 12 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है।

तेज आर्थिक वृद्धि और मई में होने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत की संभावना के बीच बैंकरों और विश्लेषकों को भारत में आईपीओ गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

फिच के स्वामित्व वाली इंडिया रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार विशाल मेगा मार्ट का राजस्व मार्च 2023 में समाप्त पिछले वित्त वर्ष में 36 प्रतिशत बढ़कर 75.9 अरब रुपये पर पहुंच गया जबकि शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत बढ़कर 3.2 अरब रुपये रहा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के अनुमान के अनुसार, भारत का रिटेल बाजार वर्ष 2033 तक 2 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच सकता है जो इस समय 840 अरब डॉलर के आसपास है।

सार्वजनिक निर्गम

- सूत्रों का कहना है कि कंपनी 5 अरब डॉलर तक के मूल्यांकन की संभावना देख रही है
- कंपनी ने यह योजना ऐसे समय बनाई है जब भारतीय शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रहे हैं

एनएसई ने घटाया लेनदेन शुल्क

खुशबू तिवारी
मुंबई, 12 मार्च

नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इक्विटी कैश और डेरिवेटिव सेगमेंट में लेनदेन शुल्क 1 अप्रैल से 1 फीसदी घटाने का फैसला लिया है। लेनदेन शुल्क में कटौती से देश के सबसे बड़े एक्सचेंज के सालाना राजस्व पर 130 करोड़ रुपये की चोट पड़ेगी। एक्सचेंज ने सोमवार को हुई बोर्ड बैठक के बाद यह जानकारी दी। इस वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में एक्सचेंज को लेनदेन शुल्क के जरिये 8,330 करोड़ रुपये का राजस्व मिला जो सालाना आधार पर 16 फीसदी ज्यादा है।

इक्विटी कैश सेगमेंट में एनएसई 0.00325 फीसदी शुल्क लेता है, वहीं प्रतिस्पर्धी बीएसई पर यह 0.00375 फीसदी है। हालांकि वायदा के लिए एनएसई का लेनदेन शुल्क 0.0019 फीसदी और विकल्प के लिए 0.05 फीसदी है। वहीं बीएसई में वायदा पर कोई शुल्क नहीं लगता जबकि विकल्प पर 0.005 फीसदी का शुल्क है।

एनएसई के बोर्ड ने अपने डिजिटल टेक्नोलॉजी कारोबार एनएसईआईटी की बिक्री उसकी सहायकों के साथ अमेरिकी फर्म इन्वेस्टकॉर्प को करने की मंजूरी भी दी। यह सौदा इस महीने के आखिर तक 1,000 करोड़ रुपये में होने की उम्मीद है। एनएसईआईटी ने कुल परिचालन आय में करीब 6 फीसदी का योगदान किया। गैर-प्रमुख कारोबार की बिक्री का फैसला महालिंगम कमेटी की सिफारिशों के बाद हुआ है, जिसे बाजार नियामक सेबी ने नियुक्त किया था।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT.

enser

ENSER COMMUNICATIONS LIMITED

Our Company was originally incorporated as a private limited company under the Companies Act, 1956 in the name and style of "Enser Communications Private Limited" bearing Corporate Identification Number U64200MH2008PTC182752 dated May 28, 2008 issued by the Registrar of Companies, Mumbai. Subsequently, our Company was converted into public limited company pursuant to a shareholders' resolution passed at an Extra Ordinary General Meeting held on August 18, 2023, and name of our Company was changed to "Enser Communications Limited" and a fresh Certificate of Incorporation dated September 11, 2023, was issued by Registrar of Companies, Mumbai. As on date of the Prospectus, the Corporate Identification Number of our Company is U64200MH2008PLC182752. For further details of incorporation please refer to section titled "Our History and Certain Other Corporate Matters" beginning on page 162 of the Prospectus.

Registered Office: 5th Floor, 501-506, Arihant Aura Turbhe, Navi Mumbai, Sanpada Thane, Maharashtra- 400703 India
Corporate Office: Plot No 217, 1st Floor, Udyog Vihar, Phase 1, Gurgaon, Haryana Sadar Bazar Gurgaon Haryana-122001 India
Tel: 0124-4258077; **Website:** www.enser.co.in; **E-mail:** solutions@enser.co.in
Company Secretary and Compliance Officer: Ms. Muskan

PROMOTER(S): MR. HARIHARA SUBRAMANIAN IYER, MR. RAJNISH OMPRAKASH SARNA, MRS. GAYATRI RAJNISH SARNA AND MRS. SINDHU SASEEDHARAN NAIR

THE ISSUE

INITIAL PUBLIC OFFER OF 23,10,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF ENSER COMMUNICATIONS LIMITED ("ISSUER" OR THE "COMPANY") FOR CASH AT A PRICE OF RS. 70/- PER EQUITY SHARE ("ISSUE PRICE") (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF RS. 60/- PER EQUITY SHARE), AGGREGATING TO RS. 1617 LAKHS ("THE ISSUE"), OUT OF WHICH, 1,18,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF RS. 70/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 82.60 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 21,92,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10.00/- EACH AT AN ISSUE PRICE OF RS. 70/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 1534.40 LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.50% AND 25.15%, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, KINDLY REFER TO CHAPTER TITILED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 282 OF THE PROSPECTUS.
FOR FURTHER DETAILS, KINDLY REFER TO CHAPTER TITILED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 282 OF THE PROSPECTUS

THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS ₹ 10 EACH AND THE ISSUE PRICE IS ₹70.00
THE ISSUE PRICE IS 7 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES.

THIS ISSUE IS BEING MADE THROUGH FIXED PRICE PROCESS, IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 (THE "SEBI (ICDR) REGULATIONS"), AS AMENDED READ WITH RULE 19(2)(B) OF SECURITIES CONTRACTS (REGULATION) RULES, 1957, AS AMENDED.
FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO CHAPTER TITLED "ISSUE PROCEDURE" BEGINNING ON PAGE 289 OF THE PROSPECTUS. A COPY OF THE PROSPECTUS IS BE DELIVERED FOR REGISTRATION TO THE REGISTRAR OF COMPANIES, MUMBAI AS REQUIRED UNDER SECTION 26 OF THE COMPANIES ACT, 2013.

FIXED PRICE ISSUE AT ₹ 70.00 PER EQUITY SHARE
Bids can be made for a minimum of 2000 Equity Shares and in multiples of 2000 Equity Shares thereafter.

ISSUE PERIOD — **ISSUE OPENS ON MARCH 15, 2024** — **ISSUE CLOSES ON MARCH 19, 2024**

ASBA* | **Simple, safe, smart way of Application!!!!** | **Mandatory in Public issues. No cheque will be accepted** | *Applications supported by blocked amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details, check section on ASBA below.

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

UPI-Now available in ASBA for Retail Individual Investors ("RII")**
Investors are required to ensure that the bank account used for bidding is linked to their PAN.
UPI – Now available in ASBA for Retail Individual Bidders applying through Registered Brokers, DPs & RTA. Retail Individual Bidders also have the option to submit the application directly to the ASBA Bank (SCSBs) or to use the facility of linked online trading, demat and bank account.

**ASBA has to be availed by all the investors except Anchor Investors (if any). UPI may be availed by RIIs.*
For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA Form and abridged prospectus and also please refer to the section "Issue Procedure" beginning on page 289 of the Prospectus. The process is also available on the website of AIBI and Stock Exchanges in the General information Document. ASBA Forms can be downloaded from the website of Emerge platform of National Stock Exchange of India Limited ("NSE Emerge" or "Stock Exchange") and can be obtained from the list of banks that is displaying on website of SEBI at www.sebi.gov.in.
*** List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. For the list of UPI Apps and Banks live on IPO, please refer to the link: www.sebi.gov.in. ICICI Bank Limited has been appointed as Sponsor Bank for the Issue in accordance with the requirements of the SEBI Circular dated November 1, 2018, as amended.*

IN TERMS OF THE CIRCULAR NO. CIR/CFD/POLICYCELL/11/2015 DATED NOVEMBER 10, 2015 AND ALL POTENTIAL INVESTORS PARTICIPATE IN THE ISSUE ONLY THROUGH APPLICATION SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT(ASBA) PROCESS PROVIDING DETAILS ABOUT THE BANK ACCOUNT WHICH WILL BE BLOCKED BY THE SELF-CERTIFIED SYNDICATE BANKS (SCSB's) FOR THE SAME. FURTHER PURSUANT TO CIRCULAR BEARING NO. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/76 DATED JUNE 28, 2019 FOR IMPLEMETION OF PHASE II FOR UPI FACILITY, WHICH IS EFFECTIVE FROM JULY 01, 2019. ALL POTENTIAL BIDDERS (EXCEPT ANCHOR INVESTORS) ARE REQUIRED TO MANDATORILY UTILIZE THE APPLICATION SUPPPORTED BY BLOCKED AMOUNT (ASBA) PROCESS PROVIDING DETAILS OF THEIR RESPECTIVE ASBA ACCOUNT OR CORRESPONDING UPI ID (IN CASE OF RIIs), IN WHICH THE APPLICATION AMOUNTS WILL BE BLOCKED BY THE SCSBs OR UNDER THE UPI MECHANISM, AS APPLICABLE.
FOR MORE DETAILS IN THIS REGARD, SPECIFIC ATTENTION IS INVITED TO THE "ISSUE PROCEDURE" ON PAGE NO. 289 OF THE PROSPECTUS. IN CASE OF DELAY, IF ANY IN UNBLOCKING/REFUND THE FUND, OUR COMPANY SHALL PAY THE INTEREST ON THE APPLICATION MONEY AT THE RATE OF 15% PER ANNUM FOR THE PERIOD OF DELAY.

RISKS TO INVESTORS:
- **Our funding requirements and proposed deployment of the Net Proceeds of the Offer have not been appraised by a bank or a financial institution and if there are any delays in the schedule of implementation or cost overruns, our business, cash flows, financial condition and results of operations may be adversely affected.**
- **Average cost of acquisition per Equity Share by our Promoters, Rajnish Omprakash Sarna, Harihara Subramanian Iyer, Gayatri Rajnish Sarna and Sindhu Saseedharan Nair as at the date of Prospectus is Rs. 0.12, 0.12, 9.98 and 9.98 respectively and Issue Price is Rs. 70/- per Equity Share**
- **We have not entered into any formal contracts or exclusive arrangement with our suppliers from whom we procure equipment's, plant and machinery. In the event, we are unable to procure such items at terms favourable to us, or at all, our business, financial condition and results of operations may be adversely affected.**

For details of build-up of Promoters' shareholding in our Company and Risk Factors, please see "Capital Structure" and "Risk Factors" beginning on pages 61 and 21, respectively, of the Prospectus.

PROPOSED LISTING:
The Equity Shares offered through the Prospectus are proposed to be listed on the Emerge Platform of National Stock Exchange of India Limited ('NSE Emerge'), in terms of the Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, as amended from time to time. Our Company has received an In-Principle approval letter dated March 1, 2024 from National Stock Exchange of India Limited for using its name in this offer document for listing of our shares on the NSE Emerge. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be the National Stock Exchange of India Limited.

DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"):
Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the Offer Document was not filed with SEBI. In terms of the SEBI ICDR Regulations, SEBI shall not Issue any observations on the Offer Document. Hence, there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire "SEBI *Disclaimer Clause*" on page 274 of the Prospectus.

DISCLAIMER CLAUSE OF EMERGE PLATFORM OF NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED (DESIGNATED STOCK EXCHANGE):
It is to be distinctly understood that the permission given by the National Stock Exchange of India Limited ("NSE") should not in any way be deemed or construed that the contents of the Prospectus or the price at which the Equity Shares are offered has been cleared, solicited or approved by NSE nor does it certify the correctness accuracy or completeness of any of the contents of the Prospectus. The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the "*Disclaimer Clause of the Emerge Platform of the National Stock Exchange of India Limited*" on page 276 of the Prospectus.

RISK IN RELATION TO THE FIRST ISSUE:
This being the first public Issue of our Company, there has been no formal market for the Equity Shares. The face value of the Equity Shares is Rs. 10/- each and the Issue Price is 7 times of the face value of the Equity Shares. The Issue Price (determined and justified by our Company in consultation with the Lead Manager as stated in "Basis for Issue Price" on page 92 should not be taken to be indicative of the market price of the Equity Shares after the Equity Shares are listed. No assurance can be given regarding an active or sustained trading in the Equity Shares or regarding the price at which the Equity Shares will be traded after listing.

GENERAL RISK:
Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue including the risks involved. The Equity Shares issued in the Issue have neither been recommended nor approved by Securities and Exchange Board of India nor does Securities and Exchange Board of India guarantee the accuracy or adequacy of Prospectus. Specific attention of the investors is invited to the section titled "Risk Factors" beginning on page 21 of Prospectus.

CREDIT RATING: This being the issue of Equity Shares, no credit rating is required.
DEBENTURE TRUSTEES: As this is an issue of Equity Shares, the appointment of Trustees is not required.
IPO GRADING: Since this issue is made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, there is no requirement of appointing an IPO Grading Agency.
BASIS OF ISSUE PRICE: The Issue Price is determined by the Company in consultation with the Lead Manager. The financial data presented in section "*Basis of Issue Price*" on page no. 92 of the Prospectus are based on Company's Restated Financial Statements. Investors should also refer to the section titled *"Risk factors"* and *"Restated Financial Statement"* on page no. 21 and 205 respectively of the Prospectus.

ADDITIONAL INFORMATION AS REQUIRED UNDER SECTION 30 OF THE COMPANIES ACT, 2013

CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF OUR COMPANY AS REGARDS ITS OBJECTS: For information on the main objects and other objects of our Company, see *"History and Certain Corporate Matters"* on page 162 of the Prospectus. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section *"Material Contracts and Documents for Inspection"* on page 346 of the Prospectus.
LIABILITY OF MEMBERS OF THE COMPANY: Limited by shares.
AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE: The Authorised share capital of the Company is ₹ 11,00,00,000/- divided into 1,10,00,000 Equity Shares of ₹ 10/- each. The issued, subscribed and paid-up share capital of the Company before the Issue is ₹ 6,40,60,590/- divided into 64,06,059 Equity Shares of ₹ 10/- each. For details of the Capital Structure, see chapter titled *"Capital Structure"* beginning on page 61 of the Prospectus.

NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM: Given below are the names of the signatories of the Memorandum of Association of the Company and the number of Equity Shares subscribed by them at the time of signing of the Memorandum of Association of our Company: Rajnish Sarna- 4,500 Equity Shares, Varun Dua – 2,750 Equity Shares, and Harihara Subramanian Iyer – 2,750 Equity Shares, Equity Shares aggregating to 10,000 Equity Shares of ₹10 each.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
Fastrack Finsec — Category-I Merchant Banker	Skyline Financial Services Pvt. Ltd.	**Ms. Muskan** House No -883, Sector-6, R.K. Puram Sector 5, Delhi-110022 **Telephone:** +917428296411; **Email:** muskan.sharma@enser.co.in; **Website:** www.enser.co.in
FAST TRACK FINSEC PRIVATE LIMITED Office No. V-116, First Floor, New Delhi House, 27, Barakhamba Road, New Delhi – 110 001. **Tel:** +91 – 011-43029809; **Fax: N.A.** **Email:** vikasverma@ftfinsec.com **Contact Person:** Mr. Vikas Kumar Verma **Website:** www.ftfinsec.com **SEBI registration number:** INM000012500 **CIN:** U65191DL2010PTC200381	**SKYLINE FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED** D-153A, 1st Floor, Okhla Industrial Area Phase-I, New Delhi – 110020, India **Telephone:** 011 40450193-97, **Fax No:** +91-11-26812683 **Email:** compliances@skylinerta.com **Investor grievance email:** info@skylinerta.com **Contact Person:** Mr. Anuj Rana **Website:** www.skylinerta.com **SEBI Registration Number:** INR000003241 **CIN:** U74899DL1995PTC071324	*Investors can contact our Company Secretary and Compliance Officer, the Lead Manager or the Registrar to the Issue, in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of allotment, non-credit of allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode etc.*

AVAILABILITY OF PROSPECTUS: Investors are advised to refer to the Prospectus and the Risk Factors contained therein before applying in the Issue. Full copy of the Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager to the Issue at www.ftfinsec.com, website of company at www.enser.co.in and websites of stock exchange at www.nseindia.com
AVAILABILITY OF BID-CUM-APPLICATION FORMS: Bid-Cum-Application forms can be obtained from the Registered Office of the **Company**: Enser Communications Limited (Telephone**:** +91-124-4258077) **Lead Manager**: Fast Track Finsec Private Limited (Telephone**:** +91 – 011-43029809). Bid-cum-application Forms will also be available on the website of NSE (www.nseindia.com) and the designated branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchange and SEBI.
APPLICATIONS SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT (ASBA): The investors are required to fill the application form and submit the same to the relevant SCSBs at the specific locations or registered brokers at the broker centers or RTA or DP's. The SCSB's will block the amount in the account as per the authority contained in application form. On allotment, amount will be unblocked and account will be debited only to the extent required to be paid for allotment of shares. Hence, there will be no need of refund. For more details on the ASBA process, please refer to the details given in application forms and Prospectus and also please refer to the chapter titled "Issue Procedure" on page 289 of the Prospectus.
APPLICATION SUPPORTED WITH UNIFIED PAYMENTS INTERFACE: Investors are advised to carefully refer SEBI Circular SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2018/138 dated November 01, 2018 and as modified through its SEBI circular (SEBI/HO/CFD/ DIL2/CIR/P/2019/50) dated April 3, 2019, SEBI circular (SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/76) dated June 28, 2019, SEBI circular no. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/85 dated July 26, 2019, SEBI Circular SEBI/HO/CFD/DCR2/CIR/P/2019/133 dated November 08, 2019 and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2020/50 dated March 30, 2020, for the procedure to be followed for applying through UPI. Retail Individual Investor have to apply through UPI Mechanism. Retail Individual Investor whose bank is not live on UPI as on date of this circular, may use the other alternate channels available to them viz. Submission of application form with SCSBs/ using the facility linked online trading, demat and bank account list. For further details, please refer the chapter titled "Issue Procedure" beginning on page 289 of the Prospectus.
Sponsor Banker/ Banker to the Issue and Refund Banker to the Issue: ICICI Bank Limited
Investor should read the Prospectus carefully, including the *"Risk Factors"* beginning on page 21 of the Prospectus before making any investment decision.
All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Prospectus.

For ENSER COMMUNICATIONS LIMITED
On Behalf of the Board of Directors

Sd/-
Rajnish Omprakash Sarna
Managing Director

Place: Gurgaon
Date: 13/03/2024

Enser Communications Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares and has filed the Prospectus with Registrar of Companies, Mumbai on March 11, 2024. The Prospectus shall be available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager to the Issue at www.ftfinsec.com,website of company at www.enser.co.in and websites of NSE i.e. www.nseindia.com, respectively. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see section titled "*Risk Factors*" beginning on page 21 of the Prospectus. Potential investors should not rely on the Prospectus for making any investment decision.
The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and any applicable U.S. state securities laws. There will be no public offering in the United States and the securities being offered in this announcement are not being offered or sold in the United States.

संक्षेप में

2023-24 में वृद्धि दर 8 फीसदी के करीब रहेगी

उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक होगी। निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं। नागेश्वरन ने कहा, 'अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी।' *भाषा*

निर्यात चालू वित्त वर्ष में बीते साल के बराबर रहेगा

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने साक्षात्कार में भरोसा जताया कि वैश्विक व्यापार में मंदी और अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत का वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात पिछले साल के समान स्तर पर रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ऐसी उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं को लागू कर रही है, जिनका जोर उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं और सेवाओं पर है। ऐसा करने से देश के व्यापार घाटे को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। हम चालू वित्त वर्ष में मार्च के अंत तक पिछले साल के समान स्तर पर होंगे। हमारी वस्तुओं और सेवाओं के बीच कुछ समायोजन हो सकता है, लेकिन दोनों को मिलाकर हम पिछले साल के समान स्तर पर होंगे। *भाषा*

किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल : चंद

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी हई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं। चंद ने कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है। *भाषा*

जन औषधि संचालकों के लिए सिडबी ऋण योजना

केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। *भाषा*

भारतीय कंपनियों का भर्ती परिदृश्य सबसे मजबूत

भारत में नियोक्ता आगामी जून तिमाही में तेजी से भर्ती की योजना बना रहे हैं। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 36 प्रतिशत कंपनियां अगली तिमाही में और अधिक कर्मचारियों को भर्ती करने की योजना बना रही हैं। इस सर्वेक्षण पर आधारित रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई। इसमें लगभग 3,150 नियोक्ताओं के साथ बातचीत की गई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 42 देशों के बीच सबसे मजबूत नियुक्ति परिदृश्य भारत का है। *भाषा*

दवाओं व उपकरणों के मूल्य निर्धारण में सुधार जल्द

सोहिनी दास
मुंबई, 12 मार्च

भारत में दवाओं व मेडिकल उपकरणों की कीमत निर्धारण के नियमों में जल्द सुधार देखने को मिल सकता है। केंद्र सरकार ने मूल्य निर्धारण ढांचे में सुधार पर सुझाव देने के लिए समिति का गठन किया है।

उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि नए औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश (डीपीसीओ) पर काम हो रहा है, क्योंकि मौजूदा डीपीसीओ 2013 से लागू है और यह 11 साल पुराना हो चुका है। एक सूत्र ने कहा कि समय-समय पर मूल्य निर्धारण को लेकर नियमों की समीक्षा की जाती है, जिससे उन्हें उद्योग व उपभोक्ता दोनों के लिए प्रासंगिक बनाया जा सके। मार्च में जारी एक अधिसूचना में औषधि विभाग (डीओपी) ने कहा है कि अधिकृत प्राधिकारी की मंजूरी के बाद औषधि एवं मेडिकल उपकरणों के मूल्य निर्धारण ढांचे में सुधार के लिए समिति का गठन किया गया है। बिज़नेस स्टैंडर्ड ने अधिसूचना की प्रति देखी है।

समिति में 3 प्रमुख सदस्य डीओपी सचिव, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के अध्यक्ष और डीओपी के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार शामिल होंगे। इसमें इंडियन फॉर्मास्यूटिकल अलायंस (आईपीए) के महासचिव और इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडीएमए) के सीईओ उद्योग से दो आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल होंगे। यह समिति 3 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

डीओपी ने अधिसूचना में कहा है कि समिति एनपीपीए के भीतर संस्थागत सुधारों पर विचार करेगी। वह इस बात पर गौर करेगी कि उद्योग की टिकाऊ वृद्धि व निर्यात को प्रोत्साहन देते हुए किस तरह से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और कीमत में संतुलन बनाए रखा जाए। साथ ही समिति उद्योग के सतत विकास और आयात को न्यूनतम करने के लिए उद्योग को प्रोत्साहन प्रदान करते हुए मेडिकल उपकरणों के लिए एक मूल्य सुधार ढांचा तैयार करेगी। इसके अलावा यह उभरते और सटीक उपचार के लिए कीमत सुधार ढांचा तैयार करने पर भी विचार करेगी। इसके अलावा उपरोक्त मकसद को ध्यान में रखते हुए समिति नई औषधि एवं मेडिकल उपकरण (नियंत्रण) आदेश का मसौदा भी तैयार करेगी। इसकी पुष्टि करते हुए आईडीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरंची शाह ने कहा, 'यह एक नियमित कवायद है, जो समय-समय पर की जाती है और एक जिम्मेदार उद्योग के रूप में हम सकारात्मक इनपुट देंगे।' दवा उद्योग का मानना है कि नए डीपीसीओ पर काम चल रहा है और यह अगले साल लागू हो सकता है।

एक सूत्र ने कहा, 'डीपीसीओ समय-समय पर अद्यतन किया जाता रहा है और इस समय हम 2013 के डीपीसीओ पर काम कर रहे हैं। अब इसकी समीक्षा का वक्त है। दवा उद्योग ने केंद्र को इस मसले पर कुछ निवेदन किए हैं, जिनका सामना उसे करना पड़ रहा है। इन पर चर्चा हो सकती है।' उदाहरण के लिए उद्योग का मानना है कि सभी ब्रांडेड जेनेरिक और किसी खास दवा के फॉर्मुलेशन के जेनेरिक दवाओं के अनुसूचित दवाओं की खुदरा औसत कीमत के आधार पर सीलिंग मूल्य का निर्धारण करना और उसमें काल्पनिक रिटेलर मार्जिन जोड़ना बहुत प्रभावी तरीका नहीं है।

एनपीपीए समय-समय पर दवाओं के फॉर्मुलेशन के सीलिंग मूल्य तय करता है। उद्योग का मानना है कि यह बदलाव आगे की तिथि से लागू किया जाना चाहिए, न कि पूर्ववर्ती रूप से, क्योंकि ऐसा करने पर बाजार में जा चुकी दवाओं को वापस मंगाने और उनके नए सिरे से पैकेजिंग व नया मूल्य लिखने और उन्हें फिर से बाजार में भेजने में बड़ी लागत आती है। एनपीपीए आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनईएलएम) में अनुसूचित दवाओं की कीमत तय करती है और कंपनियां गैर अनुसूचित दवाओं कीमतों में सालाना 10 फीसदी वृद्धि कर सकती हैं।

उद्योग के एक सूत्र ने कहा, 'इसके अलावा नवाचार को प्रोत्साहन देने और शोध एवं विकास पर खर्च करने की भी जरूरत होती है। कुछ ऐसा तरीका होना चाहिए, जिससे शोध एवं विकास पर उल्लेखनीय रूप से खर्च कर रही कंपनियों को अपने नवोन्मेषी उत्पादों की बेहतर कीमत तय करे की अनुमति हो।' हालांकि दवा उद्योग यह भी मानता है कि दवा के वैश्विक कारोबार में भारत की सफलता सस्ती कीमत पर निर्भर है और सुधार करते वक्त इसे ध्यान में रखा जाना चाहिए। उधर मेडिकल उपकरण उद्योग चाहता है कि दवा नियामक से इतर इस क्षेत्र के लिए अलग नियामक होना चाहिए। मेडिकल उपकरण बनाने वाले संगठनों के संगठन एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैन्युफैक्चरर्स ऑफ मेडिकल डिवाइस के फोरम कोऑर्डिनेटर राजीव नाथ ने कहा कि घरेलू मेडिकल उपकरण उद्योग, दवाओं के नियमन की व्यवस्था से एक अलग नियामक ढांचा और एक अलग मूल्य व्यवस्था चाहता है। उन्होंने कहा कि मूल्य नियंत्रण के बजाय हमने मुनाफे की निगरानी के आधार पर मूल्य के नियमन का प्रस्ताव रखा है।

समिति बनी

- दवाओं व मेडिकल उपकरणों की कीमतों के ढांचे में सुधार के लिए केंद्र सरकार ने बनाई समिति
- समिति में 3 प्रमुख सदस्य डीओपी सचिव, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के अध्यक्ष और डीओपी के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार शामिल
- इंडियन फॉर्मास्यूटिकल अलायंस के सेक्रेटरी जनरल और इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के सीईओ उद्योग से दो आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल होंगे
- दवा उद्योग ने डीपीसीओ में संशोधन को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष पहले ही कुछ प्रस्ताव व सुझाव पेश किए हैं

चालू खाते का घाटा कम होने की उम्मीद

रुचिका चित्रवंशी
नई दिल्ली, 12 मार्च

भारत का चालू खाते का घाटा (सीएडी) वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद का एक फीसदी से कम होने की उम्मीद है। यूबीएस सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के मुताबिक सीएडी कम होने का कारण वस्तु व्यापार घाटा सीमित होना, शुद्ध सेवाओं की प्राप्तियां बेहतर होना, विदेश से भारत अधिक धन भेजा जाना और व्यापक आर्थिक स्थायित्व है। इस रिपोर्ट में वित्त वर्ष 24 में सकल घरेलू उत्पाद के एक फीसदी से भी कम सीएडी रहने का अनुमान लगाया गया है।

यूएसबी इंडिया की अर्थशास्त्री तनवी गुप्ता जैन के मुताबिक, 'हम वित्त वर्ष 25 की ओर बढ़ रहे हैं। आगामी वित्त वर्ष में सीएडी थोड़ा बढ़कर जीडीपी का 1.3 फीसदी हो जाएगा। हमारा अनुमान है कि यदि बाकी बिंदु अपरिवर्तित रहते हैं तो भारत वैश्विक कच्चे तेल के 90 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ने को वहन कर सकता है। हालांकि कच्चे तेल के दाम जितने गिरेंगे, उतना ही भारत के लिए बेहतर होगा।' चालू खाते का घाटा यह प्रदर्शित करता है कि देश निर्यात की तुलना में अधिक वस्तुओं और सेवाओं का आयात कर रहा है। यदि आयात से अधिक निर्यात का मूल्य हो जाता है तो देश चालू खाते के अधिशेष में आ जाता है।

आरबीआई के आंकड़े के मुताबिक वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने और सेवाओं के निर्यात में वृद्धि होने से सितंबर में समाप्त तिमाही (वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही) में भारत का चालू खाते का घाटा क्रमिक रूप से कम होकर 8.3 अरब डॉलर यानि सकल घरेलू उत्पाद का 1 फीसदी हो गया है। हालिया वर्षों में सीएडी ने जीडीपी के 2.2-2.5 फीसदी के स्थायी दायरे को नहीं तोड़ा है। करण यह है कि सेवाओं के उच्च व्यापार अधिशेष व जबरदस्त ढंग से देश में धन आने से अतिरिक्त बफर राशि हो गई। यूबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक अतिरिक्त बफर होने के बावजूद उच्च वैश्विक तेल दामों से भारत को जोखिम है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की रिपोर्ट में भी वित्त वर्ष 24 में चालू खाते के घाटे में गिरावट की समीक्षा की गई है। सेवाओं का अधिशेष अनुमान से अधिक होने के कारण चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद का एक फीसदी होने का अनुमान जताया गया है जबकि पहले अनुमान जीडीपी के 1.2 फीसदी तक रहने का था। आईडीएफसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 'वित्त वर्ष 24 के चालू घाटे का घाटा यह इंगित करता है कि घरेलू बचत बढ़कर जीडीपी के 30.5 फीसदी तक हो जाएगी, जो कि वित्त वर्ष 23 में 29.1 फीसदी थी। यह ज्यादा घरेलू बचत और निजी कॉरपोरेट बचत प्रदर्शित करती है।'

इलारा ग्लोबल रिसर्च ने भी वित्त वर्ष 24 के लिए चालू खाते के घाटे की समीक्षा की है। इलारा ग्लोबल रिसर्च ने चालू खाते का घाटा 1.1 फीसदी किया है जबकि यह पहले 1.3 फीसदी था।

वित्त वर्ष 24 के लिए अनुमान

- यूबीएस 1 फीसदी से कम
- आईडीएफसी फर्स्ट बैंक 1 फीसदी
- इलारा ग्लोबल रिसर्च 1.1 फीसदी

पेट्रोल में 11.60 फीसदी एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल

संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 12 मार्च

देश ने नवंबर से शुरू हुए एथनॉल के आपूर्ति वर्ष 2023-24 के पहले चार महीनों में इसके मिश्रण के 11.60 प्रतिशत के लक्ष्य को अखिल भारतीय स्तर पर हासिल कर लिया है। यह जानकारी निजी कंपनियों के आंकड़ों से मिली है।

नवंबर से फरवरी के दौरान गन्ने और अनाज से प्राप्त 1.8 अरब लीटर शीरे की आपूर्ति हुई थी। इसकी बदौलत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के लक्ष्य को हासिल किया गया। सरकार का लक्ष्य 2023-24 में पेट्रोल में 15 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का है। इससे आपूर्ति वर्ष 2025 में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

आंकड़ों के मुताबिक चीनी मिलों और डिस्टेलरीज से नवंबर से फरवरी के दौरान करीब 57 प्रतिशत अनुबंधित एथनॉल की आपूर्ति हुई है। अनुबंध के तहत मुहैया कराई गई मात्रा में गन्ने बने शीरे की हिस्सेदारी करीब 74.5 प्रतिशत रही और यह अधिक रही है। हालांकि अनाज आधारित डिस्टेलरीज से करीब 42 प्रतिशत आपूर्ति हुई।

चीनी मिलों और अनाज आधारित डिस्टेलरीज ने संयुक्त रूप से एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 में 5.4 अरब लीटर एथनॉल आपूर्ति की रुचि दिखाई है। इसमें से अनुबंध के तहत 2.98 अरब लीटर एथनॉल की आपूर्ति होगी और इस क्रम में अभी तक 1.8 अरब लीटर की आपूर्ति हो चुकी है।

नवंबर से फरवरी के दौरान गन्ने और अनाज से प्राप्त 1.8 अरब लीटर शीरे की आपूर्ति हुई थी

बीएसएनएल ने लगाए 4जी के 3,500 टावर

शुभायन चक्रवर्ती
नई दिल्ली, 12 मार्च

सरकारी कंपनी बीएसएनएल ने उत्तर भारत के 5 राज्यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 3,500 बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) स्थापित किए हैं। यह जानकारी देते हुए बीएसएनएल के सीएमडी प्रवीण कुमार पुरवार ने कहा कि कंपनी जल्द ही मध्य प्रदेश, तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों में भी टावर लगाने का काम शुरू करेगी।

उद्योग के एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बात करते हुए पुरवार ने कहा कि दूरसंचार कंपनी जल्द से जल्द वाणिज्यिक 4जी सेवा शुरू करना चाहती है। उन्होंने संकेत दिए कि 20,000 बीटीएस स्थापित किए जाने के बाद यह शुरू किया जा सकता है। किसी मोबाइल नेटवर्क में बीटीएस फिक्स्ड रेडियो ट्रांसीवर है, जो अक्सर टावर के रूप में होते हैं।

अधिकारियों ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि उत्तर भारत के राज्यों के अलावा दूरसंचार कंपनी ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को चुना है, जहां 4जी सेवाएं शुरू की जाएंगी। तमिलनाडु में अप्रैल के बाद 4जी सेवा शुरू हो सकती है। तेलुगू भाषी राज्यों आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में 4जी के 4,200 साइट्स पर टावर लगाने का काम इस समय चल रहा है।

देरी से काम

रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया द्वारा 4जी सेवाएं शुरू करने के वर्षों बाद बीएसएनएल ने 4जी सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। इसमें बार बार देरी हुई। परिणामस्वरूप बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या कम होती गईं, क्योंकि 2जी सेवा वाले ग्राहकों ने अन्य सेवा प्रदाताओं को पकड़ दिया। 31 दिसंबर 2024 के आंकड़ों के मुताबिक मोबाइल सेवा में बीएसएनएल की बाजार हिस्सेदारी 7.94 प्रतिशत है।

5जी की योजना

कंपनी ने 4जी सेवाओं को बहुत तेजी से 5जी में बदलने की योजना बनाई है, जो जून 2024 तक होगा।

बिज़नेस स्टैंडर्ड ने इसके पहले खबर दी थी कि बीएसएनएल फरवरी 2024 तक 5जी नेटवर्क उपकरणों का परीक्षण शुरू कर सकती है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सीडीओटी) यह सुनिश्चित करने का काम कर रहा है।

सरकार ने सबसे पहले अक्टूबर 2019 में बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरुद्धार के लिए लिए 69,000 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की थी। 2022 में केंद्र ने 1.64 लाख करोड़ रुपये के दूसरे पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी दी।

इस कदम से बीएसएनएल की अधिकृत पूंजी बढ़कर 2.1 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। कैबिनेट ने इक्विटी डालकर कंपनी को 4जी और 5जी स्पेक्ट्रम आवंटित करने को भी मंजूरी दी है।

- उत्तर भारत के 5 राज्यों में टावर लगाने के बाद अब तमिलनाडु व मध्य प्रदेश में टावर लगाने का काम जल्द शुरू होगा
- तेलुगू भाषी राज्यों आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में 4,200 4जी साइट्स पर टावर लगाने का काम जारी है
- दूरसंचार कंपनी जल्द से जल्द वाणिज्यिक 4जी सेवा शुरू करना चाहती है : प्रवीण कुमार पुरवार

बॉन्डों से 35,544 करोड़ रु जुटाए

साप्ताहिक राज्य बॉन्ड नीलामी से मंगलवार को 14 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों ने 35,544 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह अनुसूचित राशि 32,532 करोड़ रुपये अधिक है। उधारी के मामले में 7 सप्ताह बाद राज्यों ने अनुसूचित साप्ताहिक राशि को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक कर्नाटक ने नीलामी में 3 बॉन्डों के माध्यम से सबसे ज्यादा 6,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कर्नाटक ने 10 साल के पेपर से 1,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जिसका कटऑफ यील्ड 7.36 प्रतिशत है। वहीं 2,000 करोड़ रुपये 14 साल के पेपर पर जुटाए हैं, जिसका कटऑफ यील्ड 7.37 प्रतिशत है। *बीएस*

बीएस सूडोकू 4920

					2			
			8	4	6			9
2	6				9			1
				1	7	5		
9		3						
6				2		4		
8		7				3		6
	2			3				
		4						

परिणाम संख्या 4919

4	9	1	2	6	3	8	7	5
6	8	7	5	9	4	3	1	2
5	3	2	1	7	8	4	9	6
9	1	8	7	2	5	6	3	4
3	2	5	9	4	6	1	8	7
7	6	4	3	8	1	5	2	9
8	5	9	6	1	2	7	4	3
2	4	6	8	3	7	9	5	1
1	7	3	4	5	9	2	6	8

कैसे खेलें ?

हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

मुश्किल

★★★★☆

क्षेत्रीय मंडियों के भाव | दिल्ली | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की मजबूती के साथ 75,900 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,177 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से तीन डॉलर की गिरावट है। चांदी मामूली तेजी के साथ 24.44 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

लखनऊ

गेहूं दड़ा 2425/2450, गेहूं शरबती 3400/3500, चावल शरबती सेला 4300 /4400, स्टीम 4800/4900, लालमती 5100/5200, चावल (सोना) 4600/ 4700, दाल अरहर सवानं. 14000/14200, पटका 15000/15500, रिजैक्शन 11300 /11600, चना दाल 6950/7000, चना देशी छना 6650/6750, चना चापा छना 6700/ 6800, एग्रो प्योर बेसन 2750, मटर देशी 5600/5650, उड़द साबुत (काला) 10000/11200, दाल उड़द (काली) 10400/12000, उड़द धोया 10000/ 11500, मसूर छोटी 6000/6200, मलका 7000/7100, किरानाः जीरा 29000 /37000, लालमिर्च गुंटूर 26500/31500, हल्दी निजाम फली (50 किलो) 8000/ 8500, धनिया एमपी 8100/12100, छोटी इलायची (किलो) 1425/2175, बड़ी इलायची 1350/1355, कालीमिर्च (किलो) 620/670, सुपारी (किलो) 470/520, सौंफ मोटी 22500/30000,

कानपुर

गेहूं 2475/2500, जौ 2000/2025, चावल मसूरी 3000/3100, चावल मोटा 2900/3000, देशी चना 6150/6175, चना छना 6600/6650, दाल चना 6900/7000, देशी मटर 4600/4700, पिचकी 3500/ 3600, मटर दाल 5100/5200, अरहर लेमन 10650/10660, दाल अरहर 14300/ 15500, स्पेशल 13900/14100, उड़द एसक्यू 10050/10060, एफएक्यू 9050/ 9060, राजमा चित्रा 9500/13000, मूंग 8200/8500, मसूर छोटी 6300/6340, छांटी 7100/7200, नयी सरसों 4700/ 4800, तिल सफेद 14800/15000, सोया (टीन) 1550/1650, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन) 1700/1850, सरसों खल 2650/2700, पामोलिन 1525/1550, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 1450 /1500, मधुसूदन देशी घी 6600, वासुदेव 6100, परम प्रीमियम 6600, पदम श्री 6500, लीलाधर 6500, अलसी 5500/5600, धनियाः लोकल 8400/8600,

चंदौसी

(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1028, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.) 1180, फ्लैक 1125, सिंथेटिक फ्लैक 1075, डीएमओ 890, टरपीन लैस बोल्ड 1200

जयपुर

दाल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंग मोगर 9300/9500, मोटा 9800/10300, उड़द मोगर 10400/11000, मोटा 10800/ 11500, चौला मोगर 7500/7600, मोठ मोगर 8000/8100, मूंग दाल छिलका देशी 8400/9000, मलका 6700/6800, अरहर 14500/15500, मटर दाल 5800/5900, चना दाल मीडियम 6900/7000, बोल्ड 7000/7100, दलहनः उड़द साबुत देशी 8900/9000, मटर सफेद 5100/5200, मोठ साबुत 5800/5900, काबली चना 8000 /11000, चना (डिली.) 6050/ 6100, मूंग 7200/7400, राजमा शर्मिली 11000/12000, राजमां चित्रा 10000/ 11500, किरानाः हल्दी निजामाबाद 17500 /18500, सांगली 18000/19500, हल्दी राजापुरी 22500/26500, लालमिर्च 20000/32000, कालीमिर्च (किलो) 550/ 650, धनिया 8500/11000, जीरा 29500/38500, अजवायन 21000 /30500, सौंफ 16000/30000, मेथी 6500/6800, मेथी मशीन क्लीन 7400/7500, इमली 3500/3800, गोला टिपटूर 11000/13250, अनाजः चावल डीबी 7400/7500, गेहूं (मिल) 2575 /2600, मक्की 2550/2575, बाजरा 2400/2425, जौ 1750/1800, ग्वार लूज 5100/5150, ज्वार कैटलफीड 2400/ 2500, ज्वार बेस्ट क्वालिटी 2900/3000, तेल-तिलहनः सरसों (मिल पहुंच) 5425 /5450, सरसों एक्सपेलर निवाई &, कोल्हू कच्ची घानी टोंक 10200, राइसब्रान डिऑयल्ड कंटीन्यूअस 1650, डीओसी (टन): सरसों जयपुर 21500, कोटा 21000, अलवर 21000, निवाई 21500

खन्ना

जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य) (प्रति प्वाइंट) 130, राइसब्रान (अखाद्य) 128, खल सरसों 2600, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 1320, लाल &, कंटीन्यूअस 1320, सरसों (टन) 22000, सूरजमुखी (टन) 23000, अनाजः गेहूं 2500/2600, आटा (50 किलो) 1425, मैदा 1525, चोकर (45 किग्रा) 1150, चोकर (30 किग्रा) 750, मक्की बिहार 2640/2660 **एनएनएस/भाषा**

डिस्क्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 17 अंक 23

स्पेक्ट्रम नीलामी: सकारात्मक कदम

केंद्र सरकार ने एक सकारात्मक कदम उठाते हुए यह घोषणा की है कि 20 मई से दूरसंचार स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू होगी। साल 2022 में हुई पिछली नीलामी में बिना बिके रह गए आवृत्ति बैंडों की लगभग पूरी श्रृंखला इस बार फिर बिक्री के लिए रखी जाएगी। इससे दूरसंचार कंपनियों को यह अवसर मिलेगा कि वे अपनी मौजूदा प्राथमिकता के आधार पर विकल्प चुन सकें। अब नीलामी ज्यादा होने लगी है और दूसरे देशों की तरह ही सरकार इसे हर साल आयोजित करने की ओर बढ़ रही है, ऐसे में दूरसंचार ऑपरेटर इस होड़ में शामिल नहीं होंगे कि कितनी भी ऊंची कीमत पर स्पेक्ट्रम को जमाकर रखा जाए।

इससे कंपनियों को अपने वित्त के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। अतीत की बात करें तो ज्यादातर दूरसंचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम की खरीद के लिए भारी रकम खर्च करनी पड़ी थी क्योंकि इस बात को लेकर कोई स्पष्टता नहीं रहती थी कि आगे कब और किस स्तर की नीलामी होगी। वैसे तो वायु तरंग एक दुर्लभ संसाधन है, लेकिन वार्षिक नीलामी का फैसला करके सरकार ने यह स्वागतयोग्य संदेश दिया है कि बोली प्रक्रिया का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा राजस्व जुटाना नहीं है। पिछले हफ्ते जारी नोटिस में दूरसंचार विभाग ने घोषणा की कि 20 मई से आठ उच्च आवृत्ति वाले स्पेक्ट्रम बैंडों की नीलामी की जाएगी और इसके लिए दूरसंचार ऑपरेटरों से 22 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पिछले महीने ही मंत्रिमंडल ने 96,317.65 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर सभी बैंडों में कुल 10,523 मेगाहट्र्ज की नीलामी की मंजूरी दी थी। इस नीलामी में 800, 900, 1800, 2100, 2300, 2500, 3300 मेगाहट्र्ज और 26 मेगाहट्र्ज के बैंड शामिल होंगे, जो आवाज और डेटा स्पेक्ट्रम का एक बड़ा हिस्सा बनेंगे।

हालांकि ज्यादातर अनबिकी रह गई वायु तरंगों (पिछली नीलामी के दौरान) को इस बार बिक्री के लिए रखने के बावजूद सरकार ने 700 मेगाहट्र्ज बैंड (जिसका हालिया नीलामी में सबसे ज्यादा मूल्य रहा) को मई की नीलामी के दायरे से बाहर रखा है। पिछली नीलामी में सिर्फ रिलायंस जियो ने 700 मेगाहट्र्ज बैंड की वायु तरंगें हासिल की थीं, इसलिए अगर इसे आगामी दौर की नीलामी में शामिल किया जाता तो उन कंपनियों के लिए एक मौका बनता जो पिछली बार चूक गई थीं। असल में 700 मेगाहट्र्ज की तरंगें अभी दूरसंचार कंपनियों द्वारा इस्तेमाल होने वाली उच्च आवृत्ति की तरंगों से भी ज्यादा दूर तक जा सकती हैं। इसलिए जो नेटवर्क 700 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल करेंगे उन्हें किसी समान भौगोलिक इलाके तक पहुंच के लिए कम सेल टावरों की जरूरत होगी।

बोली के लिए रखे गए सभी बैंडों की आरक्षित कीमत करीब 1 लाख करोड़ रुपये है, लेकिन दूरसंचार कंपनियों ने संकेत दिया है कि इस बार वे ज्यादा खर्च करने वाली नहीं हैं क्योंकि साल 2022 में हुई 5जी नीलामी के दौरान उन्होंने कई बैंडों की खरीद की है, जिसमें सरकार को स्पेक्ट्रम नीलामी से एक बार में अब तक का सबसे ज्यादा 1.5 लाख करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ था। इस बार ज्यादातर कंपनियां ऐसी आवृत्तियों की वायु तरंगों की भरपाई करना चाहेंगी जिनकी एक्सपायरी तिथि करीब है। पहले की तरह ही, दूरसंचार कंपनियों को आवृत्ति के आवंटन की तिथि से अगले 20 साल तक स्पेक्ट्रम इस्तेमाल करने का अधिकार है।

दिशानिर्देशों के मुताबिक किसी विदेशी कंपनी को भी नीलामी में सीधे हिस्सा लेने और किसी भारतीय कंपनी के जरिये लाइसेंस के लिए आवेदन करने की अनुमति है, जिसमें कि वह स्वचालित मार्ग से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के जरिये 100 फीसदी की हिस्सेदारी रख सकती है। जहां तक नई दूरसंचार कंपनियों की बात है (जिनके पास स्पेक्ट्रम नहीं है), नीलामी में शामिल होने के लिए उनके पास प्रति लाइसेंस सेवा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये की कुल नेटवर्थ होनी चाहिए और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर इलाके के लिए 50-50 करोड़ रुपये की नेटवर्थ दिखानी होगी।

सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी करते हुए सही दिशा में आगे बढ़ी है, लेकिन इस क्षेत्र में सेवाओं का दायरा बढ़ाने के लिए उपग्रह सेवाओं के लिए वायु तरंगों के आवंटन में भी तेजी लाई जानी चाहिए।

अजय मोहंती



आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के दौर में सत्य की खोज

एक समय जो काम हमारे शिक्षक, परिजन और किताबें करती थीं, उसके लिए अब हम इंटरनेट और एआई पर निर्भर हो गए हैं। इसके साथ ही चुनौतियां भी बढ़ी हैं। बता रहे हैं अजित बालकृष्णन

आज भी मुझे अपने स्कूल के दिन याद हैं जब मेरे सहपाठियों और मेरे बीच इस बात को लेकर बहस हो गई थी कि 'शून्य' का आविष्कार किसने किया था? उनमें से कुछ ने कहा कि शून्य का आविष्कार 'ईश्वर' ने किया तो कुछ अन्य ने कहा कि शून्य तो हमेशा से मौजूद था और उसे तलाशने की कोई आवश्यकता ही नहीं थी। बहस करने के बाद जब हम सब अपने गणित के शिक्षक के पास गए तो उन्होंने कहा 'ल्यूसिड' (एक ग्रीक गणितज्ञ और रेखागणित के विशेषज्ञ) ने। हम खामोश हो गए। गणित के हमारे कठोर स्वभाव के अध्यापक जिनका हम सब सम्मान करते थे और मुझे भय था कि अगर हम उनके खिलाफ गए तो वह हमें फेल कर सकते थे और उस स्कूल में अगर हम गणित में फेल होते तो शायद हमें अगली कक्षा में नहीं जाने दिया जाता। हमारे स्कूल के शिक्षकों ने भी उनकी बात की पुष्टि की। मुझे 25 वर्ष बाद समझ में आया कि ल्यूसिड का शून्य के आविष्कार से कोई लेना देना नहीं था और उसे शायद किसी प्राचीन भारतीय शायद आर्यभट्ट या ब्रह्मगुप्त ने खोजा था।

आज जब मैं यह लिख रहा हूं तब चैटजीपीटी, गूगल के जेमिनी, परप्लेक्सिटी तथा कई आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के कई अन्य टूल के बीच यह होड़ है कि सबसे अधिक 'सही' उत्तर कौन देता है। मैं सोचता हूं कि पिछले कुछ दशकों में इस भूमिका का दावा करने वाले कौन थे? मेरे लिए अपने स्कूली शिक्षकों के अलावा घर पर मेरी मां, मेरे चाचा और बुआ या मौसियां थीं। जब हम बड़े होने लगे तो हमारे क्रिकेट कोच हमें सच बताते थे, स्कूल पुस्तकालय में इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका और तमाम उपाय थे जो हमें सच बताते थे।

ऐसा प्रतीत होता है कि तमाम अन्य इंसानों की तरह मुझे भी हमेशा से एक मध्यस्थ की तलाश थी जिसकी मदद से मैं यह निष्कर्ष निकाल पाता कि क्या गलत है और क्या सही? हाल के वर्षों में गूगल जैसे इंटरनेट सर्च इंजन यह दावा करते रहे हैं कि वे मेरी मां, स्कूल और कॉलेज के शिक्षकों, तथा इन्साइक्लोपीडिया की भूमिका निभा सकते हैं। अब ऐसा लग रहा है कि चैट एआई की लड़ाई का विजेता इसका नया दावेदार होगा।

अगर हम यह पता लगा सकें कि हम चैटजीपीटी से किस तरह के प्रश्न करें तो शायद हम इंसानों के बारे में कुछ और सीख सकें। ऐसा प्रतीत होता है कि सवालों में सबसे शीर्ष पर फैक्ट चेकिंग वाले सवाल हैं यानी तथ्यों की पड़ताल करने वाले प्रश्न। उदाहरण के लिए 'अमेरिका का 16वां राष्ट्रपति कौन था?' अथवा 'कलकत्ता नई दिल्ली से कितनी दूर है?' दूसरा सबसे लोकप्रिय प्रश्न मौसम की जानकारी से जुड़ा होता है: 'बेंगलूरु में आज कैसा मौसम होगा?' तीसरा सबसे लोकप्रिय प्रश्न भाषा से संबंधित होता है: 'एपिसेंटर का अर्थ क्या होता है?' चौथा सवाल तकनीक से संबंधित होता है, 'मैं पायथन कोड में किस प्रकार सुधार कर सकता हूं?' आखिर में बात करें तो पांचवां सबसे लोकप्रिय प्रश्न ऐतिहासिक घटनाओं और व्यक्तियों के बारे में होता है मसलन, 'सी वी रमन कौन थे?' ये सारे सवाल उन सवालों से ज्यादा अलग नहीं हैं जो मैं अपने शिक्षकों, मां, पिता, चाचाओं और बुआ या मौसियों से पूछा करता था।

ऐसा लगता है कि फरवरी 2024 में ही 18 करोड़ से अधिक लोगों ने चैटजीपीटी से भारत से जुड़ा प्रश्न किया यानी करीब नौ फीसदी लोगों ने। अमेरिका के बारे में सवाल पूछने वाले 10 फीसदी थे। 30 से 44 साल की आयु के लोग इसका इस्तेमाल करने वालों में सबसे आगे हैं। उनके बाद 18 से 29 आयु वर्ग के लोग आते हैं। क्या इसका अर्थ यह है कि नई पीढ़ी चैटजीपीटी या ऐसे अन्य एआई टूल से सच जानते हुए बड़ी हो रही है? यह एक संवेदनशील और जटिल सवाल खड़ा करती है: क्या चैटजीपीटी, जेमिनी और अन्य एआई टूल को नियामकीय निगरानी की आवश्यकता है? एक देश के रूप में हम खुद को इन पर प्रतिबंध लगाने वाले चीन, रूस, ईरान या अन्य देशों जैसा बनने से रोक सकते हैं लेकिन भारत की यह कार्यशैली नहीं है।

यानी उस सवाल का उत्तर देने से पहले हमें सच की स्थापना की अपनी मौजूदा व्यवस्था पर नजर डालना आवश्यक है। उदाहरण के लिए किसी कंपनी के वित्तीय वक्तव्य सच्चे हैं या नहीं, यह स्थापित करने के लिए हमारे पास एक प्रणाली है जहां चार्टर्ड अकाउंटेंट यानी सनदी लेखाकारों का एक समूह उसे प्रमाणित करता है। अगर किसी विवाहित दंपती में से एक सदस्य विवाह विच्छेद करना चाहे तो उसे अदालत के समक्ष पेश होकर अपने दावे की सच्चाई साबित करनी होती है। अगर आप भारत में कोई दवा बेचना चाहते हैं तो आपको उसे दवा नियंत्रक से प्रमाणित करना होता है। देश में कोई फिल्म जारी करने से पहले हमें केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की मंजूरी की आवश्यकता होती है। इंटरनेट के लिए भारत में नियम हैं जहां सरकारी संस्थाएं इंटरनेट साइटों से कुछ तरह की सामग्री हटाने को कह सकती हैं। एक अहम नियमन जिसने इंटरनेट को कानूनी मुकदमों से भर जाने से रोका वह है इंटरनेट पर सामग्री तैयार करने वालों और मध्यवर्तियों के बीच भेद करना। इंटरनेट साइटों को मध्यवर्ती करार दिया गया और ये सामग्री के प्रकाशित होने के लिए उपाय पेश करती हैं और इस बात की वास्तविक जिम्मेदारी लेते हैं कि लोग उनका इस्तेमाल किस प्रकार करेंगे। इसके लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में धारा 79 शामिल की गई जिसके बारे में कई पर्यवेक्षक कहते हैं कि इसकी वजह से इंटरनेट संभव हो सका। मैं यहां यह स्पष्टीकरण देना चाहता हूं कि मैंने एक सरकारी समिति के सदस्य के रूप में खुद यह बात लिखी थी।

इसमें दो राय नहीं कि चैटजीपीटी जैसे उपाय भारत में कुछ विरोध की वजह बन सकते हैं और ऐसी सामग्री को आधिकारिक रूप से हटाया जा सकता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या चैटजीपीटी जैसे सामग्री तैयार करने वाले उपाय लोगों के विचार को गलत या पूर्वग्रह से ग्रस्त दिशा में ले जा सकते हैं, खासतौर पर युवाओं को?

सबसे अहम बात यह है कि क्या चैटजीपीटी जैसी संस्थाओं को भारतीय आईटी अधिनियम के तहत मध्यवर्ती का दर्जा दिया जाना चाहिए जबकि वे खुद ही कहते हैं कि वे मूल सामग्री उत्पन्न करते हैं? कौन सा नया कानून सच को बचाएगा जबकि इसके साथ ही वह इस क्षेत्र में नवाचार को हतोत्साहित नहीं करेगा?

(लेखक इंटरनेट उद्यमी हैं)

चुनाव, घोषणा पत्र और बुनियादी एजेंडा

बुनियादी ढांचा

विनायक चटर्जी

प्रमुख राजनीतिक दलों के 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों के घोषणा पत्र पढ़ने में रोचक लग सकते हैं। परंतु, यह समय पीछे मुड़कर देखने का नहीं है। इसके बजाय हमें बुनियादी क्षेत्र की जरूरतों के हिसाब से भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा। महत्त्वपूर्ण मुद्दा अब उन संसाधनों की पहचान करना है, जिन्हें देश में अगले पांच साल के दौरान निवेश करने की आवश्यकता होगी। इसके लिए तीन बुनियादी सार्वजनिक व्यय सिद्धांतों को समझना और उन पर अमल करना होगा।

पहला, फरवरी 2023 में बजट के बाद वित्त मंत्रालय के एक बहुत ही वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल पर चर्चा के दौरान खुलासा किया था कि सरकार के पास ऐसे गोपनीय आंकड़े हैं जिनसे संकेत मिलते हैं कि बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया 1 रुपया सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 3 रुपये का योगदान देता है। वहीं किसी भी प्रकार के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी यानी सरकारी सब्सिडी का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में भेजना) पर खर्च एक रुपया जीडीपी में 90 पैसे का योगदान देता है। इस प्रकार अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सार्वजनिक व्यय का बड़ा हिस्सा बुनियादी ढांचे में झोकना जारी रखना होगा। यह आवश्यक रूप से आर्थिक रणनीति का हिस्सा होना चाहिए।

